दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। गुरुवार 08 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 300 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## ढाका से 199 यात्रियों और 6 नवजात को लेकर दिल्ली पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की एक स्पेशल फ्लाइट बुधवार सुबह 6 बजे 205 लोगों को ढाका से नई दिल्ली लेकर आई। कुल यात्रियों में 6 नवजात भी शामिल हैं। ये फ्लाइट ऐसे समय पर बांग्लादेश से यात्रियों को लेकर भारत आई है, जब वहां हालात बेहद खराब और डरावने हैं। मंगलवार देर रात बांग्लादेश की राजधानी के लिए उड़ान भरने वाली चार्टर्ड उड़ान अ321 नियो विमान से संचालित की गई थी।




उड़ान ढाका से 205 लोगों ( 199 वयस्कों और 6 नवजातों ) को वापस लेकर आई। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया ने एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बावजूद बहुत ही कम समय में बिना किसी यात्री के राष्ट्रीय राजधानी से उड़ान भरने वाली फ्लाइट का संचालन किया।

**डोमेस्टिक फ्लाइट्स होंगी शुरू :** एयर इंडिया बुधवार से ढाका के लिए राष्ट्रीय राजधानी से दो डोमेस्टिक फ्लाइट्स शुरू करेगी। मंगलवार को एयर इंडिया ने अपनी सुबह की फ्लाइट रद्द कर दी थी, लेकिन ढाका के लिए शाम की फ्लाइट संचालित की थी। विस्तारा और इंडिगो भी तय कार्यक्रम के अनुसार बांग्लादेश की राजधानी में अपनी सेवाएं संचालित करेंगी। विस्तारा मुंबई से दैनिक उड़ानें और दिल्ली से ढाका के लिए तीन साप्ताहिक सेवाएं संचालित करती है। आम तौर पर, इंडिगो दिल्ली, मुंबई और चेन्नई से ढाका के लिए एक दैनिक उड़ान और कोलकाता से दो दैनिक सेवाएं संचालित करती है।






## भाजपा ने शुरू की शहर सीट पर विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां

# प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल की मॉनिटरिंग में लड़ेगी भाजपा चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। उसने यहां पर अपने तीन मंत्रियों को भी मैदान में उतारा है लेकिन सबसे खास बात ये है कि अब भाजपा ने शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने प्रदेश संगठन महामंत्री को कमान सौंप दी है। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल की मॉनीटरिंग में यह चुनाव होगा। गौरतलब है कि दस सीटों पर उपचुनाव होना है और भाजपा की तैयारियों को लेकर ये कहा जा सकता है कि उपचुनाव की अधिसूचना अब कभी भी जारी हो सकती है। भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बार शहर सीट पर उपचुनाव के लिए तैयारियें की पूरी कमान भाजपा में अपने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल को सौंपी है। वो गाजियाबाद उपचुनाव की मॉनीटरिंग भी करेंगे।

### 10 अगस्त को प्रदेश संगठन महामंत्री लेंगे दो पाली में तैयारी बैठक

**करंट क्राइम।** प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल 10 अगस्त को गाजियाबाद आ रहे हैं। वो यहां पर चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। खास बात ये है कि ये बैठक दो पाली में होगी। पहली बैठक दस से ग्यारह के बीच होगी और दूसरी बैठक ग्यारह से बारह के बीच में होगी। पहली पाली की बैठक में सैक्टर प्रभारी, सैक्टर संयोजक, वार्ड अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, महानगर की पूरी टीम, पार्षद और प्रदेश संगठन के वो पदाधिकारी मौजूद रहेंगे जो गाजियाबाद में निवास करते हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में रहने वाले सरकार के मंत्री भी इस बैठक मेंशामिल होंगे। ये बैठक दस से ग्यारह बजे होगी। इसके अलावा दूसरी पाली की बैठक ग्यारह से बारह बजे की होगी। इसमें वार्ड प्रवासी मौजूद रहेंगे। पार्टी के वरिष्ठ चेहरे मौजूद रहेंगे और इस बैठक में भी चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश संगठन महामंत्री चर्चा करेंगे।

### पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर तीन मंत्रियों और संगठन ने बनाई रूपरेखा



### पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर हुई बुधवार को अहम बैठक

करंट क्राइम। प्रदेश संगठन महामंत्री को उपचुनाव की कमान दी गई है। वो दस अगस्त को बैठक लेंगे। ये बैठक अति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रदेश संगठन महामंत्री की बैठक को लेकर एक चिंतन बैठक बुधवार को पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस में हुई। भाजपा ने पहले ही यहां तीन मंत्री चुनावी मैदान में उतारे हैं इनमें कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री बृजेश सिंह और मंत्री कपिल देव अग्रवाल हैं। बुधवार को जब दस अगस्त की बैठक को लेकर रणनीति तैयार हुई तो इस बैठक में सरकार के तीन मंत्री, दो महानगर अध्यक्ष और एक सांसद भी मौजूद थे।

### प्रदेश संगठन महामंत्री की मॉनिटरिंग के बाद आयेगा चुनाव में रंग

करंट क्राइम। भाजपा उपचुनाव को पूरी गंभीरता से ले रही है। उसके तीन मंत्री यहां चुनावी मैदान में आये हैं। भाजपा संगठन ने उनकी डयूटी लगायी है और अब ये माना जा रहा है कि प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल की एन्ट्री के बाद चुनाव में रंग आ जायेगा। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल मूल रूप से कार्यकर्ता हैं और उन्हें चुनाव लड़ाने का बेहतर अनुभव है। वो चुनावी रणनीति के एक्सपर्ट माने जाते हैं। कौन से कार्यकर्ता को कौन से मोर्चे पर लगाना है इसका उन्हें बखूबी ज्ञान है। सबसे बडी बात ये है कि वो वोट प्रतिशत से लेकर क्षेत्र के मनोविज्ञान की गहन जानकारी रखते हैं। कार्यकताओं के साथ बेहतर तालमेल और समन्वय बनाने की कला उनके पास है। अब पार्टी ने उन्हें चुनावी की मॉनीटरिंग सौंपी है और भाजपा के ही सीनियर नेता ये मानकर चल रहे हैं कि प्रदेश संगठन महामंत्री के आने के बाद चुनावी तैयारियों में रोचकता आ जायेगी।



**माना जा रहा है कि प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल की एंट्री के बाद चुनाव में रंग आ जायेगा।**

# महापौर सुनीता दयाल ने क्रॉसिंग में फिर डाला कूड़े को लेकर छापा

## सफाई करते मिले कर्मचारी पर कंपनी का वाहन था निजी, कूड़े की जगह उठ रहा था गोबर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल लगातार शहर की स्थिति सुधारने का काम करती हैं। वहीं निगम कर्मचारी और ठेके पर काम करने वाली संस्थाओं की वर्किंग जानने के लिए फील्ड पर उतरती हैं। वह मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करती हैं और देखती हैं कि कौन कंपनी क्या कर रही है। कर्मचारी किस प्रकार से कम कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने ऐसा ही अभियान चलाया और मेयर सुनीता दयाल निरीक्षण करने के लिए विजयनगर तिगड़ी गोल चक्कर के पास जेएस इंक्वारी नामक कंपनी द्वारा संचालित कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंची। जिसके अंदर आते ही एक ट्रैक्टर कूड़ा लेकर जा रहा था। महापौर ने पूछा कि ट्रैक्टर चालक ने बताया कूड़ा क्रॉसिंग रिपब्लिक से लेकर आया है, जो कि चालक ने कैमरे के सामने बोला और सुपरवाइजर की तरफ देखकर अपनी बात से मुकर गया, इससे उन्होंने नाराजगी जाहिर की और तत्काल अधिकारियों को फोन लगाकर उन्होंने पूरे मामले से अवगत कराया।

### ट्रैक्टर भर रहा था गोबर लेकिन वाहन था प्राइवेट

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल की ओर से जानकारी दी गई है कि कुछ देर बाद एक गोबर भरता ट्रैक्टर लेकर आ रहा था, जिसको देख वह चौंक गईं। ट्रैक्टर चालक से पूछा तो उसने बताया कि एक जगह पर गोबर पड़ा था, हम उठा लाए जबकि उपरोक्त कंपनी कूड़े का भुगतान नगर निगम से वहन करती है लेकिन गोबर उठा रही है। इससे यह भी प्रतीत होता है कि प्राइवेट लोगों का गोबर उठाया जा रहा था। उन्होंने इस मामले का संज्ञान ले लिया है और नगर स्वास्थ्य अधिकारी को उपरोक्त कंपनी के ऊपर जांच का नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### निगम की आंखों में धूल झोंक रही हैं कंपनी

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने बताया है कि जेएस इंक्वारो नामक कंपनी नगर निगम की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। क्रॉसिंग का कूड़ा और गोबर उठाने का कार्य लिया जा रहा है, जो कि नियम विपरीत है। इस मामले में अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि जल्द ही कार्रवाई की जाए और वह अपनी कार्यप्रणाली को सुधार लाए।

# लोनी विधायक ने मांगा है आखिर देवादिदेव महादेव से ऐसा कौन-सा वरदान

## चार घंटे तक लगातार चली है विशेष पूजा, क्षेत्र के कल्याण और अज्ञात शत्रुओं के विनाश पर लगाया धूनी लगाकर ध्यान

गाजियाबाद ( करंट क्राइम )। लोनी के विधायक नन्द किशोर गुर्जर हमेशा कुछ ना कुछ नया करते हैं। वो हल्दी घाटी की मिट्टी लाते हैं। वो शमशान में आधी रात को खीर से हवन करते है और आस्था और भक्ति में वो हमेशा तीर्थ स्थलों पर जाते हैं। ये उनकी राजनीति से अलग हटकर उनकी आध्यात्मिक और धार्मिक जीवन शैली का हिस्सा है। बीते दिनों लोनी विधायक धूनों की अग्नि की बीच तपस्या करते हुए दिखाई दिये थे और एक बार उनका शनिदेव की शिला से आलिंगबन तेल बद्ध होकर स्थान का चित्र भी सामने आया था।



इस बार सावन माह में जब कांवड़ मेला समाप्त हो चुका है। तब लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की वो तस्वीर सामने आयी है जिसमें वो देवानिदेव महादेव से किसी विशेष वरदान मांग रहे हैं विशेष पूजा हो रही है और अब ये उत्सुकता सबमें है आखिर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कौन से स्थान पर ये कौन सी विशेष पूजा की है और उन्होंने अपनी पूजा में जहां लोनी और क्षेत्र के जनता के कल्याण की बात की है वहीं अज्ञात शत्रुओं के विनाश की भी कामना की है। सूत्र बताते है कि ये पूजा लगातार चार घंटे तक चली है।



दूध से अभिषेक



लाल चंदन से अभिषेक



पीले चंदन से अभिषेक



भांग से अभिषेक



भभूत से अभिषेक

### 12 टीन देसी घी-5 टीन सरसों का तेल और चंदन-भांग-भभूत से किया है अभिषेक

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने सांवन के सोमवार को ये विशेष पूजा की है। बताते हैं कि पहले वंश वृद्धि के लिए दूध से अभिषेक हुआ है फिर 12 टीन देसी घी से अभिषेक किया है और उसके बाद 5 टीन सरसों का तेल अभिषेक के लिए अर्पित किया गया है। ये वही पूजा है जो शत्रु नाश के लिए होती है। इसके अलावा यश कीर्ति के लिए लाल चंदन, पीले चंदन से अभिषेक हुआ है। भांग, दही, शक्कर, भभूत से अभिषेक के बाद फिर भगवान को स्नान कराय गया है। दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरे महा अनुष्ठान को लेकर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर से बात की तो उन्होंने इतना कहा कि यह विशेष श्रृंगार और विशेष अभिषेक है। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि सावन के सोमवार पर शत्रु नाश के लिए की गई पूजा भी शामिल है। लेकिन उन्होंने शत्रु का नाम नहीं बताया और केवल सावन में शिव पूजा के महत्व को बताया।

### लोकेशन है गोपनीय, यात्रा है चार घंटे की

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने बताया कि उन्होंने विशेष शिव पूजा शिव अनुष्ठान कराया है। उन्होंने इस विशेष स्थान की लोकेशन बताने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह गोपनीय मामला है सिर्फ इतना बता सकता है कि लोनी से इस स्थान पर पहुंचने चार घंटे का सफर है तथा यह हिंट भी दिया कि यह प्रदेश उत्तर प्रदेश के बराबर का प्रदेश है।

### आज पुरा महादेव में करेंगे लोनी विधायक जलाभिषेक

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर आज पुरा महादेव में विशेष जलाभिषेक करेंगे। वो आज पुरा महादेव शिव मंदिर में विशेष पूजा करेंगे। उन्होंने विशेष पूजा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि इस पूजा का उद्देश्य कीर्ति यश की स्थापना, क्षेत्र में शांति की स्थापना और सभी प्राणियों में सदभावना का भाव विकसित करने की प्रार्थना है। इसके लिए बारह शिवलिंग की स्थापना की जाती है। विशेष श्रृगार और अभिषेक होता है। तत्पश्चात हवन होता है। फिर रूद्रीपाठ होता है। यह आस्था का विषय है और इसे किसी भी प्रकार की सियासत से नहीं जोडा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में आस्था रखने वाले प्रत्येक सनातनी को सावन माह में शिव पूजन करना चाहिए।

# दिल्ली पुलिस बोली-बिभव ने स्वाति मालीवाल को 8 थप्पड़ मारे

## चार्जशीट में बोलीः मारपीट के बाद केजरीवाल सीएम हाउस में बिभव के साथ ही थे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट केस में पुलिस ने 16 जुलाई को 500 पन्नों की चार्जशीट दिल्ली हाईकोर्ट में पेश की थी। 7 अगस्त को इसकी डिटेल सामने आई। चार्जशीट में पुलिस ने लिखा- बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को 7-8 थप्पड़ मारे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चार्जशीट में लिखा है कि घटना के बाद बिभव कुमार उट अरविंद केजरीवाल के साथ ही थे। अअढ नेता संजय सिंह और आतिशी ने शुरूआत में माना था कि स्वाति के साथ गलत व्यवहार हुआ। बाद में वे अपने बयान से पलट गए थे। पुलिस ने आरोप लगाया कि उट हाउस में क्राइम सीन के आसपास लगे के जब्त किए जाने से पहले कुछ फुटेज मीडिया में लीक किए गए थे। पुलिस ने कहा कि उट का वहां मौजूद होना, अअढ नेताओं का बयान बदलना और उउळश लीक होना, यह सब बड़ी साजिश का संदेह पैदा करता है।





### पुलिस बोली- 72 घंटों के अंदर आप नेताओं ने बयान बदले

दिल्ली पुलिस जांच करेगी कि 72 घंटों में ऐसा क्या हुआ, जिसके कारण संजय सिंह और आतिशी ने अपना बयान बदले। उन्होंने किस व्यक्ति के साथ चर्चा करने के बाद अपना बयान बदला है। 13 मई को हुई घटना के एक दिन बाद 14 मई को संजय सिंह ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने कहा था- बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार किया है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसके बाद आतिशी ने 17 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वाति मालीवाल के आरोपों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि बिभव ने उट हाउस में स्वाति के साथ कोई मारपीट नहीं की।

### ऑटो ड्राइवर ने पुलिस को बताया- स्वाति रो रही थीं

दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में बताया कि घटना के बाद स्वाति एक ऑटो में अपने घर लौटी थीं। ऑटो ड्राइवर से भी पूछताछ की गई है। उसने बताया कि मालीवाल रो रही थीं और किसी को कॉल पर बता रही थीं कि उनके साथ मारपीट हुई है। इसके अलावा उट हाउस के सुरक्षा कर्मचारियों से भी दिल्ली पुलिस ने पूछताछ की थी। उन्होंने बताया था कि जब मालीवाल एंट्री गेट की ओर पैदल जा रही थीं, तब वह बहुत परेशान थीं और रो रही थीं। ऐसा लग रहा था कि उनके साथ कुछ गलत हुआ है।

# वरिष्ठ पत्रकार अनुज चौधरी ने लिखा सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री को पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ पत्रकार अनुज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने वर्ष 2018 में हुए उनपर जानलेवा हमले का जिक्र करते हुए अपनी सुरक्षा के मामले की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि मेरी वह इस केस के मुख्य गवाह की सुरक्षा यह कहते हुए हटा ली गई कि तुम्हें कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा है कि इस मामले को लेकर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से भी मुलाकात की लेकिन वहां से भी कोई मदद नहीं हुई। साथ ही रवैया भी संतोषजनक नहीं था। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को लिखे पत्र में कहा है कि जिस तरीके से कुख्यात बदमाशों ने उन पर हमला किया था, उनकी और उनके मुख्य गवाह दीपक की जान को भी खतरा है। वर्तमान में सुरक्षा कर्मी कम कर दिए गए हैं और यह उनके लिए खतरे की बात है।



अनुज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि उनको पूरी सुरक्षा लौटी जाए। साथ ही उन्होंने कहा है कि इस दौरान अगर उनके साथ किसी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना होती है तो उसके लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ही जिम्मेदार होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को लिखे पत्र में उन्होंने बताया है कि बदमाशों का मुख्य पेशा सुपारी लेकर हत्या करना, रंगदारी वसूली, लूट, डकैती डालना, हथियारों और शराब की तस्करी करना, सरकारी व निजी संपत्ति पर कब्जा करना है। ऐसे अपराधियों पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट क्यों लापरवाही वरत रही है यह उनको समझ नहीं आ रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि वैसे तो वर्तमान में यह गैंग जेल में बंद है लेकिन जेल से ही यह अपना पूरा गैंग ऑपरेट कर रहा है। जिससे उनको जीवनभय का खतरा है। उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संज्ञान लेने की मांग भी की है।

## यूपी में गंगा-यमुना और बिहार में 3 नदियां उफान पर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में तेज बारिश के कारण गंगा और यमुना नदी उफान पर हैं। मुरादाबाद में इतनी बारिश हुई कि रेल ट्रैक पानी में डूब गया। पीलीभीत में सड़क बह गई। बिहार में भी तेज बारिश के चलते सीतामढ़ी, गया, सुपौल, गोपालगंज के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गंडक, बागमती और कोसी नदी उफान पर है। उधर, राजस्थान के जैसलमेर, पाली और जोधपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तेज बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात हैं। जैसलमेर के मोहनगढ़ में 10 इंच, पोकरण में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। पाली में 10 इंच और जोधपुर में 9 इंच बारिश दर्ज की गई। पाली में बाढ़ के चलते शहर की 52 से ज्यादा कॉलोनियां पानी में डूब गईं।

# आई.टी.एस. मोहननगर के छात्रों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय परीक्षा में किया टॉप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई०टी०एस० मोहन नगर यू० जी० कैंपस के बी० बी० ए० एवं बी० सी० ए० पाठ्यक्रम के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा को साबित कर दिया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में बी० बी० ए० पाठ्यक्रम (2021-24 बैच) की 'एन० रेजॉइस' ने बाकी सभी संस्थानों के छात्रों को पीछे छोड़ते हुए विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं दूसरी ओर बी० सी० ए० पाठ्यक्रम (2021-24) की 'अदीबा अंजुम' ने विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता और कॉलेज का नाम रोशन कर दिया है। बी० बी० ए० एवं बी० सी० ए० के यूनिवर्सिटी टॉपर छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय कॉलेज की शिक्षा पद्धति एवं अध्यापकों को दिया है।

गत वर्षों में भी संस्थान कई यूनिवर्सिटी टॉपर दे चुका है जिनमें बी० बी० ए० पाठ्यक्रम से मान्या शर्मा (प्रथम रैंक) एवं सौम्य आशीष (तृतीय रैंक) एवं बी० सी० ए० पाठ्यक्रम में गौरव शर्मा, चिराग सिंघल, चिराग खंडेलवाल क्रमशः द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ रैंक ला चुके हैं। इस अवसर पर आई०टी०एस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा ने छात्रों को बधाई दी और आगे इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह अचीवमेंट आपकी कड़ी मेहनत, आपके माता-पिता के आशीर्वाद और आपके अध्यापकों के प्रयास से संभव हो सका है। आप इसी तरह बड़ों का आशीर्वाद लेते हुए आगे बढ़ते रहें।

### दीक्षांत समारोह में टॉपर छात्रों को किया जायेगा सम्मानित : डॉ. सुनील कुमार पांडेय

**करंट क्राइम।** यू. जी. कैंपस के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय एवं उप प्रधानाचार्या प्रोफेसर नैंसी शर्मा ने टॉपर छात्रों को बधाई दी एवं भविष्य में भी इसी तरह निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। कैंपस के निर्देशक डॉ० सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि बहुत जल्द विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में टॉपर छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा।

# सोना पैलेस राज नगर एक्सटेंशन में कांग्रेस सेवा दल ने लगाया त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोना पैलेस राज नगर एक्सटेंशन में चल रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ प्रातः 10ः बजे वंदे मातरम से हुआ और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। सुबह जिसमें ध्वज रक्षक सुशील तिवारी सोनू रहे शारीरिक व्यायाम व परेड की कक्षा के बाद 1:00 बजे दोपहर से वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ संजीव शर्मा ने सेवा दल के सभी सदस्यों को सेवादल की और कांग्रेस की बहुत कुछ अच्छीअच्छी ज्ञान से संबंधित बातें संगठन के बारे में समझाया। पूर्व मंत्री दीपा कॉल ने कांग्रेस की विरासत अनुसरण स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों का आत्मसार करने की बात कही भारत और भारतीयता के सास्तव अनुसरण करते हुए बिखरते हुए समाज को जोड़ना एवं बचाने की जिम्मेदारी में कांग्रेस सेवा दल की









विशेष भूमिका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस सेवादल दूरगामी है जिसके अनुसार त्याग संपूर्ण और निष्ठा के बलबूते कांग्रेस व सेवादल ने एक सदी का सफर तय किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से मजबूत इरादों वाले कांग्रेसी कार्यकर्ता तैयार कर हम आंदोलन और संघर्ष के रास्ते प्रदेश और देश की सत्ता पर काबिज होकर रहेंगे। राहुल गांधी के नेतृत्व से सत्ता पक्ष घबराया हुआ है इससे साबित होता है वह दिन दूर नहीं जब भाजपा सड़क पर होगी और कांग्रेस सांसद में होगी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्वयंसेवकों के बारे में कहा अव स्वयंसेवकों के जत्थे बनाकर प्रभात फेरी और ध्वज वंदन के माध्यम से नई पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास तेज करना होगा।

### कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद पांडे एवं अनिल देव त्यागी ने किया

**करंट क्राइम।** डॉ. प्रमोद पांडे ने अस्त्र-शस्त्र की परिभाषा करते हुए भगवान शंकर का त्रिशूल और रुद्र अवतार हनुमान की गदा भेंट की अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी ने जिला गाजियाबाद में प्रत्येक ब्लॉक व नगर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की अपील की और उसमें पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण शिविरों की श्रृंखला उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से शुरू करने पर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद पांडे का धन्यवाद किया। और पूरे प्रदेश में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### कार्यक्रम में गणमान्य लोग रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री दीपा कॉल, राष्ट्रीय सचिव पश्चिमी जोन प्रभारी अरविंद पाल, राष्ट्रीय सेवादल सचिव दिनेश कौशिक, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं फ्रंटल प्रभारी विजय सिंह, प्रदेश सचिव मीडिया प्रेम प्रकाश चीनी, प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता डोली शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ संजीव शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी जे.के. गौड़, व्यवस्थाक प्रदेश सेवादल महासचिव मांगेराम त्यागी, जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विजय चौधरी, जिला सेवादल अध्यक्ष सुनील शर्मा, शहर अध्यक्ष सेवादल लेखराज त्यागी, प्रदेश प्रदेश कोषाध्यक्ष ऋषभ राणा, जिला महिला अध्यक्ष जिला महिला अध्यक्ष संगीता त्यागी, महानगर महिला अध्यक्ष सोनल नागर, कनिष्क रफेल, सरिता यादव, पुष्पा गंगवार, पूर्व पार्षद माया देवी, उपाध्यक्ष गियासु उद्दीन हाशमी, वरिष्ठ कांग्रेसी ओमपाल चंदेला, वरिष्ठ कांग्रेसी त्रिलोक सिंह, प्रदेश सचिव पंकज तेजनिया, युवा ज़िला अध्यक्ष आसिफ सैफी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सलीम सैफी, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नसीम खान, वरिष्ठ नेता संजय कौशिक, वरिष्ठ कांग्रेसी नरेन्द्र राठी, ओबीसी जिला अध्यक्ष चो.विजय पाल, पूर्व मेयर प्रत्याशी पुष्पा रावत, मोहम्मद युनूस, अनीस खान, अमोल वशिष्ठ, अमित गौड़ ,अमर सिंह राठौर, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष वली हसन, जिला ठरवकसलमान मंसूरी सहित सैंकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

# जय जवान - जय किसान के नारे के साथ कल शुरू होगी 'ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा'

## अनुशासन के साथ 'ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा' को सफल बनाएं : चौ. ओमपाल सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में निकलने वाली 'ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा' को लेकर भाकियू के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह ने सभी भाकियू पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में कोई भी ट्रैक्टर चालक जल्दबाजी न करे।

यह यात्रा कोई दौड़ नहीं है। सभी संयम के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए गंतव्य तक पहुंचें।

### दुहाई से जिला मुख्यालय तक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक किसान हों शामिल : भाकियू

**करंट क्राइम।** भाकियू के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह ने अपील करते हुए कहा कि दुहाई से जिला मुख्यालय तक इस ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक किसान शामिल हों और अनुशासन का परिचय देते हुए इस यात्रा को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी अपनी लाइन से अलग न चले। ट्रैक्टरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाकर बिना यातायात अवरुद्ध किए ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा पूर्ण करें। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मुख्यालयों पर एकत्र होकर जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

# पूर्णज्ञानांजलि इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई हरियाली तीज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में बसंतपुर सैंथली स्थित पूर्णज्ञानांजलि इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज का उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया, जिसने संपूर्ण विद्यालय को एक जीवंत और रंगीन माहौल प्रदान किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, झूला झूलना, मेहंदी प्रतियोगिता और टैटू मेकिंग प्रतियोगिता में बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया और अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था, जिससे संपूर्ण वातावरण उल्लासमय हो उठा। हरियाली तीज के



इस आयोजन ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या और विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना चौधरी ने अपने संबोधन में कहा, हरियाली तीज जैसे सांस्कृतिक उत्सव हमें हमारे समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हैं और विद्यार्थियों में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्य विकसित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि वे हमारे विद्यार्थियों को एकता और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र सिंह ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, प्रकृति की गोद में सजे इन त्योहारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। हरियाली तीज के इस अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुंदर पृथ्वी का निर्माण करें। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, और विद्यार्थियों का हार्दिक धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी तरह के सार्थक और प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन करते रहने का संकल्प लिया।

# हौसलों की उड़ान और उम्मीदों का आसमान है प्रखर फाउंडेशन

## बेसहारा बुजुर्ग महिला की बनी आवाज और उपलब्ध कराया इलाज

- अपने लिए जिए तो क्या जिए... ऐसी ही कुछ भावना लेकर जिले में कार्य कर रही है प्रखर फाउंडेशन की फाउंडर प्रेसिडेंट नमिता भल्ला





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पटेल नगर गणेश मंदिर में कई दिनों से करीब 85 साल की एक बुजुर्ग महिला दिखाई दे रही थीं कभी वह गेट के अंदर जाकर बेंच पर लेट जाती थीं। पूछने पर उनका कोई भी नहीं था और कॉलोनी के लोग लावारिस बुजुर्ग महिला को खाना वगैरा दे रहे थे। कॉलोनी की जागरूक महिला और नमिता भल्ला की फ्रेंड कपिशा गोयल ने फोन करके नमिता को बताया कि यहां पर एक लावारिस बुजुर्ग महिला है। ठीक उसी समय नमिता भल्ला ने जाकर उस महिला को देखा उससे बातचीत की तो पता चला कि उसका कोई भी नहीं है और वह अकेली है। नमिता के समझाने पर वह आश्रम जाने को तैयार हो गईं और अपना घर जिससे नमिता पिछले 9 सालों से जुड़ी हुई हैं और बहुत से बुजुर्गों को वहां पहुंच चुकी हैं। नमिता ने अपना घर आश्रम की गाड़ी को बुलवाया और रात्रि करीब 9:00 उन्हें लेकर साहनी कोतवाली जाकर सारी जांच वगैरह करवाई और लिखित में बताया कि हम लोग इनको आश्रम भेज रहे हैं। समस्त पुलिसकर्मियों ने उनका सहयोग किया और उन्हें लिखित में दिया। उसके बाद आराम से महिला को आश्रम पहुंचा दिया गया। नोएडा के महिला आश्रम में अपना घर की एक ब्रांच है और प्रातः जब नमिता को माताजी की फोटो भेजी गई तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। कल रात तक कितनी दयनीय हालत में माताजी थीं और आज बिल्कुल स्वस्थ और अच्छी लग रही थीं। नमिता ने स्वयं का जीवन ऐसे ही बेसहारा लोगों के लिए समर्पित किया हुआ है।

उनका कहना है कि प्रखर फाउंडेशन ऐसे लोगों के लिए हमेशा तैयार है जो की लावारिस, विक्षिप्त या घर से अकेले हों। हम उनके लिए तत्पर रहते हैं कि उन्हें एक आश्रय दिलाया जाए। इन्हीं की कोशिश से आज माताजी एक अच्छी जगह पर पहुंच चुकी हैं। ऐसी आशा सबसे की जाती है कि सभी लोग मानवता दिखाते हुए और कपिशा गोयल, गौरव शर्मा, अनंत मोनिका शर्मा जिन्होंने इस कार्य में पूरा-पूरा सहयोग किया उनका नमिता की तरफ से बहुत-बहुत।

### विदाई समारोह





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से आईपीएस अधिकारी विवेक चंद यादव का पिछले दिनों तबादला हो गया था, तबादले के बाद उन्होंने प्रयागराज में ज्वाइन कर लिया। बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधिकारियों की ओर से उनको विदाई दी गई। इस विदाई में पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी राजेश कुमार ,डीसी पी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह ,एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ,एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा, एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम , एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसीपी ऑफिस प्रियाश्री पाल मुख्य रूप से मौजूद रहीं। इस मौके पर अधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और उपहार देकर भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### असम सीएम हिमंत बिस्वा ने कहा बांग्लादेश में जारी हिंसा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए चिंता का विषय

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बांग्लादेश में जारी हिंसा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए गहरी चिंता का विषय है। पड़ोसी देश कभी भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में काम करता था। हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, ‍‍ॿहमने अतीत में देखा है कि बांग्लादेश असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में सक्रिय कई आतंकी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह के रूप में काम करता रहा है। पिछले 15 वर्षों से पड़ोसी देश में शेख हसीना सरकार के कार्यकाल के दौरान स्थिति बदल गई।

# लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर ने हर्षोल्लास से मनाया तीज महोत्सव

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में हरियाली तीज के उपलक्ष में विद्यालय में तीज महोत्सव कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा राधा यादव तथा मुख्य अतिथि खुशबू भारतीय रहीं, इसी के साथ-साथ वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत अनेक प्रकार के पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। इसके प्रमुख विशाल शर्मा ने कहा पेड़ पौधे हैं जीवन की आस, आओ मिलकर इन्हें दे अपनी मिठास। हरियाली से ही बनेगा जीवन सुनहरा, वृक्षारोपण करें और बनाएं भविष्य उजियारा इससे पूर्व तीज महोत्सव में शामिल महिला अभिभावकों ने अनेक खेल एक्टिविटी में भाग लिया। बैलून प्रतियोगिता में गीता विजेता रही, पेपर ग्लास प्रतियोगिता में शोभा चौधरी। प्लास्टिक बॉल बास्केट प्रतियोगिता में अंजू व अनीता। रैंप वॉक (कैटवॉक) में रुक्मणी चौधरी विजेता रही, हरियाली तीज क्वीन का ताज पिंकी गर्ग को मिला, इसमें अनेक महिला अभिभावकों ने





हिस्सा लेकर सावन के झूले व सावन के भजन, मल्हार गाकर समा बांध दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य महेश बाबू ने सभी बहनों को तीज की मंगल बधाई दी। कार्यक्रम की प्रमुख मीनू चौधरी, आकर्षि त्यागी, अरुणा सोम रही। इस मौके पर रीना, प्रीति शर्मा, नेहा, आयुषी, राखी, सुरेखा, बबली, प्रभा आदि ने हिस्सा लिया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली।। गुरुवार 08 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# मेयर ने लेखाधिकारी को लिखा लैटर

## स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के भुगतान से पहले कार्य की प्रगति, गुणवत्ता का हमसे हो विचार विमर्श

### अवस्थापना निधि और पंद्रवेह वित्त आयोग के कार्यों की गुणवत्ता पर बैठाया महापौर ने पेहरा





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल ने भुगतान को लेकर नगर निगम के लेखाधिकारी को पत्र लिखा है। मेयर सुनीता दयाल ने अपने पत्र में लिखा है कि पन्द्रहवें वित्त आयोगा तथा अवस्थापना निधि के जो काम हुए हैं उनकी जानकारी अपडेट रखी जाये। मेयर ने अपने पत्र में विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के कामों पर फोकस किया है उन्होंने लेखाधिकारी को लिखे पत्र में लिखा है कि पन्द्रहवें वित्त आयोग एवं अवस्थापना विकास निधि के स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के भुगतान से पूर्व कार्य की प्रगति, गुणवत्ता के आधार पर उनसे विचार विमर्श के पश्चात ही भुगतान करें। मेयर सुनीता दयाल ने लेखाधिकारी को एक तरीके से यह स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य विभाग के जो भी कार्य हुए हैं उनका भुगतान तभी किया जाये जब मेयर सुनीता दयाल से इन कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता के आधार पर विचार विमर्श हो जाये।

# जब चढ़ गया पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में अफसर के लहजे पर मंत्री जी का पारा

## कार्यकर्ता हुए खुश और उनके मुख से निकला वाह मंत्री जी कमाल कर दिया यारा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लंबे समय से गिले शिकवे सुनाओ और फिर भूल जाओ का दौर चल रहा था। शिकायतों के बाद भी जब कोई एक्शन नहीं हुआ तो अफसरों का रिएक्शन भाजपा कार्यकताओं को देखकर एक छिपी हुई मुस्कान के साथ आने लगा। भाजपा में चाहे सीएम आयें या प्रदेश अध्यक्ष आयें या प्रभारी मंत्री आयें, कार्यकर्ता अपनी शिकायतों का पिटारा खोलते हैं। वो खुलकर बोलते हैं कि अफसर नहीं सुन रहे हैं। चर्चा है कि जब कार्यकर्ता बोलते हैं तो इन बातों को प्रभारी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ध्यान से सुनते हैं लेकिन वो कभी उस अफसर को कुछ नहीं सुनाते जिसके बारे में कार्यकर्ता बोल रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद तो यह बात कई बार प्रमुखता से उठी और कार्यकर्ता ये चाहते हैं कि जब वो अपनी बात मंत्री से कहें तो उनकी बातों का असर दिखाई दे और मंत्री की कार्यशैली ऐसी हो कि कार्यकर्ता खुश दिखाई दे।

होता यही है कि मंत्री आते हैं कार्यकर्ता बात रखते हैं लेकिन मामला फ्यूचर टेंस में चला जाता है। कार्यकताओं के मन में एक हूक दबी रहती है कि काश हमारे सामने ही फोन कर देते। हमारा मान रह जाता। तत्कालप्रभाव से एक लैटर लिख देते हमारे मन की हो जाती। लेकिन ये एक आम परम्परा है कि उसी समय ना तो मंत्री या विधायक या सांसद अफसर को फोन करते हैं और लैटर लिखने में भी कई बार आनाकानी हो जाती है। लेकिन बुधवार का दिन कुछ भिन्न ही था। सरकार के मंत्री ने कार्यकर्ता की बात रखी और जब अधिकारी ने अफसरी लहजा दिखाया तो मंत्री सरकार वाली फार्म में आ गये और कार्यकर्ता को फील कराया गया कि तुम देवतुल्य हो और तुम्हारा मान सम्मान बड़ा है। बड़ी बात ये थी कि जब मंत्री जी का पारा हाई हुआ तो कार्यकताओं में खुशी दिखाई दे रही थी। उनका ये मानना था कि काम हमारा बने या बिगडे लेकिन मजा आ गया। सूत्र बताते हैं कि मामला एक पार्षद के जाति प्रमाण पत्र से जुड़ा है। ये प्रमाण पत्र विवाद में है और इसे लेकर चुनावी पेंच फंसा हुआ है। ये मामला अफसरों के बीच अटका हुआ है। इसी बीच एक अधिक ारी ने पार्षद पर कानूनी कार्यवाही करने की तैयारी कर ली। इधर पार्षद का तर्क ये है कि वो इस मामले में कोर्ट से स्टे ले आये हैं। बुधवार का दिन जब भिन्न हुआ जब एक पूर्व यदुवंशी पार्षद के साथ जाति प्रमाण पत्र वाला मामला लेकर पार्षद पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस पहुंचे। ये पूर्व पार्षद पेशे से वकील हैं। दोनों ने अपना विषय मंत्री के सामने रखा। मंत्री ने पार्षद की पूरी बात सुनी और उसके बाद उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को फोन मिलाया। अब फोन तक तो ठीक था लेकिन जब उधर से अधिकारी की टोन चेंज हुई तो मंत्री जी का पारा हाई हो गया। बताते हैं कि शब्दों से ज्वाला निकलने लगी और मंत्री जी के इस रौद्र रूप को देखकर सब चौंक गये। शब्दों की आग सबको चौंका रही थी। लेकिन इन सबके बीच एक अजीब खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर थी।

जिन कार्यकताओं को अब ये आदत पड़ चुकी है कि मंत्री उनके लिए लैटर नहीं लिखेंगे। मंत्री उनके लिए फोन नहीं करेंगे और जब उन कार्यकताओं के सामने सरकार के मंत्री ने अफसर को आड़े हाथों लिया तो मंत्री जी का पारा देखकर कार्यकताओं के मुंह से वाह शब्द निकला और वो काम की फ्रिक छोडकर इस बात से खुश थे कि कोई तो ऐसा जनप्रतिनिधि, मंत्री आया जिसने अपने शब्दों से अफसर को एहसास कराया कि सरकार हमारी है और ये कार्यकर्ता का काम है। बाद में कार्यकर्ता भी यही कहते नजर आये कि काम बने या बिगड़े लेकिन मंत्री जी सही में मजा आ गया।

# कितना सफल होगा सपाइयों का ज्वॉइनिंग प्रोग्राम, लोकसभा चुनाव के बाद शुरू नहीं हुआ है अभी कोई बड़ा अभियान

## भले प्रदेश में सपा का बढ़ा हो ग्राफ, पर गाजियाबाद का ठीक नहीं है पूराना ट्रैक रिकॉर्ड




गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी जहां 2027 की तैयारी में जुट गई है, तो वहीं लोकसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं और स्थानीय नेताओं का तेवर थोड़ा बदला हुआ नजर आ रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि समाजवादी पार्टी अगस्त माह में प्रदेश स्तर पर ज्वॉइनिंग वाला कार्यक्रम शुरू करने वाली है। इसमें कई प्रमुख चेहरे और ऐसे लोग हैं, जो पार्टी को पांच साल के अंदर टाटा बाय-बाय करके गए थे, उनको दोबारा से जोड़ा जाएगा। सुनने में आ रहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद अब तक समाजवादी पार्टी की ओर से कोई बड़ी ज्वॉइनिंग और अभियान शुरू नहीं किया गया था, इसीलिए इसे आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुरू किया जा रहा है। उधर समाजवादी पार्टी के खेमे में चर्चा है कि यहां प्रदेश और लोकसभा चुनाव में पार्टी की मजबूत स्थिति होने के बावजूद भी ना तो कार्यकर्ताओं का जोश नजर आ रहा है, ना ही बड़े नेता गाजियाबाद की ओर रुख कर रहे हैं। उधर कहा तो यह भी जा रहा है कि भले समाजवादी पार्टी का लोकसभा और प्रदेश में ग्राफ बढ़ा हो लेकिन गाजियाबाद की स्थिति अभी कितनी मजबूत है यह बता पाना मुश्किल ही नजर आ रहा है।



### क्या 2027 खत्म कर पाएगा गाजियाबाद में सपा का दो दशक का सूखा

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी भले प्रदेश और देश की राजनीति में अपना नंबर बढ़ा रही हो लेकिन उत्तर प्रदेश में पश्चिम उत्तर प्रदेश की अलग स्थिति और पहचान है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी पिछले दो दशक से ना तो कोई सांसद का चुनाव जीती है, ना ही किसी विधायक को विजय मिली है। ना महापौर, ना जिला पंचायत अध्यक्ष इसके साथ ही यहां से कोई बड़ा ऐसा चेहरा भी समाजवादी पार्टी की ओर से नहीं है, जो किसी तरीके की संभावना और भविष्य के लिए कुछ संकेत दे रहा हो। वहीं पार्टी संगठन से मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी जहां उत्तर प्रदेश में होने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अपना फोकस और प्लान तैयार कर रही है, उसे देखकर लगता है कि अभी भी समाजवादी पार्टी को अपना दो दशक पुराना सूखा खत्म करने के लिए काफी शिद्दत से मेहनत करनी होगी।

### क्या 2027 की जमीन तैयार कर पाएगी समाजवादी पार्टी

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी में लंबे समय से किसी प्रमुख और बड़े चेहरे की ज्वॉइनिंग नहीं हुई है। बीते दिनों भले पूर्व पार्षद आसिफ सपा में लौट आए थे लेकिन बड़े किसी पूर्व सांसद, विधायक, एमएलसी, पूर्व मंत्री, जिला लेवल के पदाधिकारी की ज्वॉइनिंग नहीं होना, समाजवादी पार्टी संगठन और उनके नेताओं के लिए सवाल खड़े करने वाला भी है। वहीं 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर यहां समाजवादी पार्टी को लेकर बड़े-बड़े कयास और दावे किए जा रहे हैं, उसपर भी यह स्थिति बताएगी। वहीं जिस तरीके से लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी ने बड़े स्तर पर सीट हासिल की वोट बैंक बढ़ा लेकिन गाजियाबाद को लेकर ऐसा कोई संदेश नहीं गया।

### प्रभारी और संगठन के लिए 2027 बड़ी चुनौती

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में बेहतर रणनीति के साथ नंबर गेम में तो आगे बड़ी हुई नजर आ रही है। वहीं यूपी में वोट का परसेंटेज भी बढ़ा है। इन सबके बाद अब समाजवादी पार्टी को उपचुनाव के आंकड़े बदलने के लिए भी मेहनत करनी होगी। अभी हालांकि साफ नहीं है कि गाजियाबाद से उपचुनाव में विपक्ष की सीट कांग्रेस के पक्ष में जाती है या समाजवादी पार्टी से कोई फेस सामने आएगा लेकिन 2027 की चुनौती भी गाजियाबाद की विधानसभा सीटों के लिए काम चुनौतीपूर्ण नहीं रहने वाली है। इसी के साथ समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता जो गाजियाबाद से जुड़कर राजनीति करते हैं और संगठन व महानगर व जिला किस प्रकार से रणनीति बनाकर चलता है कि 2027 में सफलता का परचम गाजियाबाद से भी फहराया जा सके, यह देखना अभी शेष रहेगा।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने लिखा जीडीए सीमा क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर पत्र

## किया जीडीए वीसी से अनुरोध, करवायें सघन जांच और लें इसका संज्ञान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने जीडीए वीसी को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सीमा क्षेत्र के अंदर कई पुरानी कॉलोनियों में भू प्रयोग के विरूध और प्राधिकरण के नियमों के विरूद्ध हुए अवैध निमार्णों की तरफ ध्यान दिलाया है। हिमांशु लव ने लिखा है कि नेहरू नगर बसंत सिनेमा से लेकर नासिरपुर फाटक तक मैन सड़क पर कई भूखण्ड हैं जिनका भू प्रयोग तलपट मानचित्र के अनुसार आवासीय है। लेकिन इन भूखण्डों पर अवैध रूप से कार्मिशियल भवनों का निर्माण किया जा रहा है और प्राधिकरण से बिना स्वीकृत कराये हुए बडे प्लॉटों पर तीन से चार टुकड़ों में काटकर व्यवसायिक भवन बनाये जा रहे हैं।

हिमांशु लव ने भूखण्ड के नियम बताते हुए ये सवाल उठाया है कि यह अवैध निर्माण प्रवर्तन खंड के अधिकारियों और अवर अभियन्ताओं की मिली भगत के बिना संभव नहीं है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि होली चाईल्ड चौराहे से लेकर कालका गढी चौराहे की स्थिति इससे भी भिन्न है। यहां पर 500 से 800 गज के प्लॉटों को तीन चार टुकडों में विभाजित कर बिना कोई नक्शा पास कराये निर्माण हो रहे हैं। इनमें कई कपडे के शौरूम और ज्वैलरी के शौरूम खुल चुके हैं। इसी तरह कवि नगर, राजनगर की प्रमुख सड़कों के भूखण्डों को भी बिना प्राधिकरण की अनुमति के विभाजित कर निर्माण किये जा रहे हैं।

हिंडन पार क्षेत्र में तो स्थिति और खराब है। वहां एकल यूनिट के स्वीकृत मानचित्रों के बावजूद भूखण्डों पर आठ से बारह फ्लैट 200 गज से 800 गज के निर्माण में हुए और उन पर दो लाख से तीन लाख रुपए प्रति लैंटर सुविधा शुल्क लिया गया। जब बने हुए भवन सम्पूर्ण होने को आये तो उनको सील कर दिया गया। हिमांशु लव ने अपने पत्र में जीडीए वीसी से अनुरोध किया है कि वो इस पत्र का संज्ञान लें और एक बार जांच करा लें।

# मासूम की बरामदगी ने फिर दिलाई 'ऑपरेशन स्माइल' की याद

## जिला अस्पताल से बच्चे को चुराने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। घंटाघर कोतवाली पुलिस और डीसीपी सिटी की स्वाट टीम द्वारा जिला अस्पताल एमएमजी से 4 माह के बच्चे का अपहरण कर ले जाने वाले गैंग का खुलासा करते हुए एक पुरुष और चार महिलाओं के साथ ही घटना में इस्तेमाल टेंपो को चालक सहित दबोचा गया है। जब पीड़ित विक्की प्रजापति व उसकी पत्नी सृष्टि को पुलिस के अधिकारियों ने उसका चार माह का मासूम लौटाया तो परिवार के खुशी से आंसू निकल आए। वहीं चार माह के बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद किया तो पुलिस वालों के लिए यह क्षण भी काफी सुखद रहा। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी घंटाघर रितेश त्रिपाठी व घंटाघर कोतवाल रवि बालियान और उनकी टीम ने बुधवार को इस बच्चा चोरी करने वाले और किराए की कोक रखने वाली महिलाओं को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन्होंने पूर्व में भी गाजियाबाद के दो थानाक्षेत्रों से झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों का अपहरण कर उन्हें आगे बेच दिया था। बताया जा रहा है कि पहले यह गिरोह किराए पर कोख देने का धंधा करता था लेकिन उसमें समय अधिक व पैसा कम मिलता था।, इसलिए ही गैंग ने बच्चे चोरी करने के बाद उसके आगे बेचने का काम चालू कर दिया था।

### डीसीपी सिटी और एसीपी की टीम ने पीड़ित परिवार को लौटाई खुशी



### ऑटो से चोरी करते थे बच्चा, महिला को फंसाते थे

करंट क्राइम। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि पकड़ा गया लोकेश अरोड़ा उसकी पत्नी कविता, सुलेखा देवी, फुलबाई व कविता चार आरोपी हैं। इसमें लतीफ और सविता फरार बताए जा रहे हैं, इनकी एक सहयोगी अंजलि भी पूर्व में गिरफ्तार हुई थी। बताया जा रहा है कि यह लोग बीते लंबे समय से किराए की कोख रखना और झुग्गी-झोपड़ियों से बच्चों को चोरी करने के बाद उसे अच्छे घरों के लोगों को बेचने का काम किया करते थे।



### गाजियाबाद पुलिस की शान रहा है ऑपरेशन स्माइल

करंट क्राइम। गाजियाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन स्माइल एक दशक पहले शुरू किया गया था। ऑपरेशन स्माइल का मकसद खोए हुए और लापता बच्चों को बरामद कर उनके माता-पिता व उनके स्थान तक पहुंचाना था। इस अभियान ने इतनी सफलता हासिल की थी कि स्कॉटलैंड पुलिस यूपी पुलिस के अधिकारियों से प्रशिक्षण लेने के लिए गाजियाबाद आई थी। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उस समय गाजियाबाद के कप्तान धर्मेंद्र यादव और उनकी टीम में शामिल रणविजय सिंह को पुरस्कृत किया गया था। वह इस पूरे अभियान के नोडल अधिकारी थे जबकि आईपीएस अधिकारी के रूप में ऑपरेशन स्माइल को सफल बनाने में धर्मेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा था। गाजियाबाद पुलिस द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन स्माइल उत्तर प्रदेश पुलिस के अभियान से लेकर कई प्रदेशों का ड्रीम प्रोजेक्ट भी बनाया गया था।

### गाजियाबाद में भी कई थानाक्षेत्रों में एक्टिव है गैंग, सीबीआई भी कर चुकी है गिरफ्तार

करंट क्राइम। पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि बच्चा चोरी करने वाले इस गिरोह में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। लतीफ का ऑटो था, जिसे लोकेश अरोड़ा चलाने का काम करता था। साथ ही उसकी पत्नी कविता भी इसमें सहभागी की भूमिका निभाती थी। बताया जा रहा है कि इन्होंने मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में भी झुग्गी-झोपड़ी के एक बच्चे को चोरी करने का काम किया था। तो वहीं नंदग्राम में भी कुछ माह पूर्व एक बच्चे का अपहरण कर उसे बेच दिया था, कुछ समय पहले सीबीआई की टीम ने उनके को सदस्यों को गिरफ्तार कर था लेकिन उसमें गाजियाबाद के मामलों का खुलासा नहीं हो पाया।

### जब पुलिस टीम ने बच्चे को सौंपा, तो खुश नजर आया पीड़ित परिवार

करंट क्राइम। बुधवार को पुलिस लाइन स्थित परमजीत हाल में जैसे ही पुलिस के अधिकारियों ने चार माह के बच्चे को उसके माता-पिता को सौंपा तो वह खुशी से झूम उठे, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। वहीं इस पूरे मामले की पड़ताल करने वाले थाना कोतवाली प्रभारी रवि बालियान, एसीपी रितेश त्रिपाठी इस पूरे मामले में जांच और बरामदगी में सहयोग करने वाले उपनिरीक्षक मुकेश सुमन, सौरभ और प्रीति के लिए भी यह क्षण बेहद यादगार बन गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही माता-पिता को बच्चा सौंपा गया वह भावुक भी हो गए थे। वहीं पुलिस कर्मियों के लिए भी यह नेक काम का नजारा उनको खास एहसास करवा रहा था।

## संपादकीय

# बांग्लादेश में बनेगी अंतरिम सरकार

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन सत्ता परिवर्तन तक जा पहुंचा। अतीत यही बताता है कि बांग्लादेश का संकट केवल उसका नहीं होता। जब–जब वह मुसीबत में घिरा है, तो उसकी परछाई भारत तक भी आई है। सवाल है कि इस बार वह परछाई कैसी और कितनी बड़ी होगी?

बांग्लादेश में ऐसे समय बदलाव हो रहा है, जब एक और करीबी पड़ोसी मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में ठंडापन आया है। शेख हसीना की नीतियों में संतुलन था। घरेलू मोर्चे पर उनकी कार्यशैली को लेकर जो भी आलोचना रही हो, लेकिन विदेश मामलों में उन्होंने भारत, चीन और पश्चिम के बीच बैलेंस बनाए रखा था।

बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी व्यापारिक रिश्ते हैं। दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है बांग्लादेश। कोविड के बाद से दोनों के बीच ट्रेड में लगातार बढ़ोतरी हुई है। दोनों मिलकर कई प्रॉजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इनमें भारत–बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन सबसे अहम है, जिसके जरिये हिंदुस्तान से रिफाइंड डीजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही, अपने इस पड़ोसी देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारत ने बहुत निवेश किया है। हालात अधिक वक्त तक काबू से बाहर रहे तो इन सब पर असर पड़ सकता है।

शेख हसीना का भारत के साथ कूटनीतिक और राजनीतिक ही नहीं, भावनात्मक नाता भी है। इसी वजह से वह आतंकवाद और चीन से जुड़ी भारत की चिंताओं को बेहतर ढंग से समझती थीं। उन्होंने अलगाववादी और कट्टरपंथी ताकतों पर काफी हद तक लगाम लगाकर रखी थी। भारत को सतर्क रहना होगा कि ये ताकतें कहीं फिर से सिर न उठाने लगें।

दोनों देश एक लंबी सीमा रेखा साझा करते हैं। बांग्लादेश में हालात बिगड़ते ही जिस तरह भारत में बॉर्डर पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई, उससे ही समझा जा सकता है कि वहां की घटनाएं हम पर किस तरह का असर डाल सकती हैं। भारत यह बिल्कुल नहीं चाहेगा कि पाकिस्तान और चीन के साथ अब एक और पड़ोसी से लगती सीमा पर उसके ज्यादा संसाधन खर्च हों।

छात्र आंदोलन जिस तरह से हिंसक होकर सत्ता परिवर्तन कराने वाली शक्ति में तब्दील हुआ, उससे कई संदेह पैदा होते हैं। इससे जुड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या इसके पीछे पाकिस्तान और चीन का हाथ है? इस पूरे घटनाक्रम से अगर किसी का फायदा हो सकता है, तो वह है चीन, जो पड़ोसियों की अस्थिरता का फायदा उठाने से नहीं चूकता। बांग्लादेशी सेना के प्रमुख ने अंतरिम सरकार के गठन की बात कही है। इस बीच पूर्व पीएम खालिदा जिया की रिहाई के आदेश दिए गए हैं। खालिदा को चीन और पाकिस्तान समर्थक माना जाता है। अभी यह भी साफ नहीं है कि अंतरिम सरकार में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को जगह मिलेगी या नहीं, लेकिन जो भी सरकार आती है भारत को उसके साथ रिश्ते आगे बढ़ाने चाहिए।

# जनधन और बेसिक सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत नहीं : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कहा गया है कि जन धन और बेसिक सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम अकाउंट बैलेंस रखने की आवश्यकता नहीं है। बैंक द्वारा केवल उन्हीं ग्राहकों पर जुमार्ना लगाया जाता है जो अपने खाते में अपेक्षित राशि बनाए रखने में विफल रहते हैं। बैंक खातों में ग्राहकों की ओर से न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण 8,500 करोड़ रुपये का जुमार्ना सरकारी बैंकों द्वारा बीते 5 वर्षों में वसूले जाने के एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने ये बात कही। सीतारमण ने कहा कि सदन के सदस्यों की ओर से बैंकों द्वारा



न्यूनतम बैलेंस न रखने पर राशि काटे जाने का सवाल उठाया गया है। यह नियम पीएम जन धन खातों और बेसिक सेविंग्स अकाउंट पर लागू नहीं होता है। ये केवल उन खातों पर लागू होता है, जिसमें ग्राहकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने खाते में एक सीमा तक न्यूनतम बैलेंस बनाए रखें।

### वित्त मंत्री की ओर से यह जवाब लिखित में लोकसभा में दिया गया

बता दें, जिन सरकारी बैंकों द्वारा न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण जुमार्ना वसूला गया है उनमें पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बैंक, यूको बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का नाम शामिल है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा को बताया था कि न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 24 में 2,331 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूला है। यह राशि पिछले साल वसूली गई रकम से 25 प्रतिशत अधिक थी। वित्त वर्ष 2023–24 में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 633 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 386 करोड़ रुपये और इंडियन बैंक द्वारा 369 करोड़ रुपये का जुमार्ना न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए वसूला गया है।

# भारत का लाइफ स्टाइल मार्केट 2028 तक 210 अरब डॉलर को छू सकता है

**नई दिल्ली।** भारत में तेज आर्थिक गति से खर्च योग्य आय बढ़ने के कारण लाइफस्टाइल मार्केट 10 से 12 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 210 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है, जो कि फिलहाल 130 अरब डॉलर का है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। बैन एंड कंपनी और मंत्रा की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि देश का ऑनलाइन फैशन और लाइफस्टाइल मार्केट 16 से 17 अरब डॉलर बढ़कर 40 से 45 अरब डॉलर तक 2028 तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लाइफस्टाइल में ई-कॉमर्स की हिस्सेदारी में आने वाले वर्षों में बढ़त देखने को मिलेगी। यह मौजूदा 13 प्रतिशत से बढ़कर 2028 तक 18 से 22 प्रतिशत पर पहुंच सकती है। इसका मतलब यह है कि आने वाले वर्षों में लाइफस्टाइल सेक्टर में आने वाला पांच में से एक रुपया ऑनलाइन माध्यम से आएगा। मौजूदा समय में भारत में 17.5 करोड़ लोग ऑनलाइन माध्यम से लाइफस्टाइल उत्पाद खरीदते हैं और प्रति वर्ष 6 से 7 औसत लेनदेन करते हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि जेन-जेड द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग मार्केट का नेतृत्व किया जा रहा है। वहीं, गैर-जेन-जेड कैटेगरी के लोग अधिक ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं और यह 8 से 9 लेनदेन प्रति वर्ष करते हैं। ई-लाइफस्टाइल में फैशन की हिस्सेदारी 75 से 80 प्रतिशत की है। वहीं, ब्यूटी और पर्सनल केयर का नंबर इसके बाद आता है। रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया के टॉप 50 ग्लोबल लाइफस्टाइल ब्रांड में से 90 प्रतिशत भारत में एक्टिव हैं और आधे से ज्यादा 30 मिलियन से ज्यादा की आय आर्जित कर रहे हैं।

# यूपीआई प्लेटफॉर्म पर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल नई ऊंचाई पर पहुंचा

**मुंबई।** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) पर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल मासिक आधार पर 10,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। एनपीसीआई के सीईओ की ओर से यह जानकारी दी गई है। यूपीआई, भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का हिस्सा है। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सीईओ और प्रबंधक निदेशक दिलीप अस्बे के कहा कि यूपीआई के माध्यम से क्रेडिट कार्ड खर्च प्रति माह 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एनपीसीआई के सीईओ की ओर से बताया गया कि यूपीआई अकाउंट पर क्रेडिट लाइन की सुविधा का लोग काफी इस्तेमाल कर रहे हैं और इसका आंकड़ा 100 से 200 करोड़ के बीच पहुंच गया है। उन्होंने आगे कहा कि यूपीआई प्लेटफॉर्म पर क्रेडिट लाइन यूपीआई की सुविधा 6 बैंकों की ओर से ऑफर की जा रही है। आईसीआईसीआई बैंक इसका नेतृत्व कर रहा है। एनपीसीआई ने 'क्रेडिट लाइन ऑन यूपीआई' सुविधा पिछले साल शुरू की थी। इसका उद्देश्य लोगों और बिजनेस को छोटे लोन उपलब्ध कराना था। आईसीआईसीआई बैंक के अलावा एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी),



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) यूपीआई प्लेटफॉर्म पर क्रेडिट लाइन की सुविधा दे रहे हैं। वहीं, भीम, गूगल पे, पेटीएम, पेजैप, नावी और टाटा न्यू जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। आप रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक कर आसानी से लेनदेन कर सकते हैं। मौजूदा समय में यूपीआई प्लेटफॉर्म पर 16 बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई लिंक करने की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। यूपीआई लेनदेन जुलाई में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया था, जो कि जून में 20.07 लाख करोड़ रुपये था। यूपीआई लेनदेन की संख्या जुलाई में मासिक आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 14.44 अरब पर पहुंच गई थी, जो कि जून में 13.89 अरब थी। जुलाई में औसत प्रतिदिन लेनदेन की संख्या 46.6 करोड़ रही है, जो कि जून में 46.3 करोड़ थी।

# शेयर बाजार में गिरावट पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 874 अंक उछला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। बाजार के करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 874 अंक या 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,468 और निफ्टी 304 अंक या 1.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,297 अंक पर बंद हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,988 शेयर हरे निशान में, 945 शेयर लाल निशान में और 98 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं, जो दिखाता है कि बाजार में रुझान सकारात्मक बना हुआ है। छोटे और मझोले शेयरों में तेजी का ट्रेंड देखने को मिला।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,358 अंक या 2.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,873 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 511 अंक या 2.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,383 पर बंद हुआ।

इंडिया विक्स 13.71 प्रतिशत गिरकर 16.17 पर रहा, जो दिखाता है कि बाजार में स्थिरता लौट आई है। करीब सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी और मीडिया में सबसे ज्यादा तेजी थी। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा



स्टील, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट और एलएंडटी टॉप गेनर्स रहे। इंडसइंड बैंक, एचयूएल, टेक महिंद्रा, टाइटन और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि बैंक ऑफ जापान के गवर्नर की ओर से ब्याज दरें नहीं बढ़ाने को लेकर बयान दिए जाने के बाद दुनियाभर के बाजारों में तेजी देखी गई है। इसकी वजह है कि येन कैरी ट्रेड का खतरा अब कम हो गया है। इंडेक्सेशन का विकल्प दोबारा से लाने के चलते रियल एस्टेट सेक्टर में उछाल देखने को मिला है। भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत बुधवार को तेजी के साथ हुई थी। सेंसेक्स 972 अंक या 1.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,565 और निफ्टी 296 अंक या 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,289 पर खुला था।

## राशिफल

**मेष :** आज आपके दिमाग मे कुछ नए और रोमांटिक विचार हैं जिनसे आप उत्तेजित महसूस करेंगे। परिवार मे तकरार आपके हौसलों को कम कर सकती हैं।

**वृष :** मतभेदों को अलग रखकर अपने प्यार का साथ दें। प्यार का इंद्रधनुष आज आपके लिए गुलाबी दिन ले कर आया है इसका पूरी तरह से आनंद लें।

**मिथुन :** लव लाइफ में आये संकट या इसमें मिले धोखे से सामाजिक सर्कल से कट ऑफ करना चाहेंगे लेकिन भाई बहन या दोस्त इस स्थिति से उबरने में मदद करेंगे।

**कर्क :** अगर किसी नए रिश्ते की शुरूआत कर रहे हैं तो अपनी भावनाओं पर नियत्रण रखें और धीरे धीरे कदम बढ़ाएं, जरूर सफलता मिलेगी।

**सिंह :** आज आप निराश हो सकते है क्योंकि आपके जीवन साथी द्वारा किये गए वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं।

**कन्या :** अपने महबूब से दूर होने पर आपको अपने जीवन में उसके महत्व का अहसास है और इस एहसास से आपका संबंध और भी मजबूत बना सकते हैं।

**तुला :** अगर आप कमिटेड है तो आपका रिश्ता दुविधा से भरा है। एक भावपूर्ण संपर्क आपको एक शानदार और समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन खास है, चिंता छोड़कर आपके पास जो भी है मजा लें। आप घरेलू कामों की तरफ ध्यान देंगे खास कर उसकी ओर जो आपके दिल के करीब है।

**धनु :** प्रेम का इंद्रधनुष आज आप पर मुस्कुरा रहा है और आप सांसारिक सुख का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं।

**मकर :** आपका रोमांस, उत्तेजकता और परमानंद आपके रिश्ते को अर्श तक पहुंचा देगा। अपने खास मित्र/पति/पत्नी की ओर आकर्षित महसूस करेंगे।

**कुंभ :** मेहनत से आप बड़ी से बड़ी मुश्किल को भी आसान कर सकते हैं और अब समय है प्रेम के क्षेत्र में थोड़ी मेहनत करने की।

**मीन :** आज आप नए संबंधों को बनाने और पुराने संबंधों को और भी मजबूत करने के लिए एक यात्रा का प्रोग्राम बना सकते है। पार्टनर के साथ अधिक अन्तरंग महसूस करेंगे।

## चुटकुले

साइकिल चलाकर पैर दुखे तो बाईक ली,
बाईक चलाकर पीठ दुखी तो कार लाये,
कार चलाकर पेट निकला तो जिम ज्वाइन किया और
जिम में वापस साइकिल,
इसे कहते है रिसायक्लिंग।

---

5 साल का बच्चा : आई लव यू माँ,
माँ : आई लव यू टू बेटा!
16 साल का लड़का : आई लव यू मॉम,
माँ : सॉरी बेटा, पैसे नही है!
25 साल का लड़का : आई लव यू माँ,
माँ : कौन है वो चुड़ैल?
कहा रहती है?
35 साल का आदमी : आई लव यू माँ,
माँ : बेटा मैंने पहले ही बोला था, उस लड़की से शादी मत करना!
और सबसे बढ़िया..
55 साल का आदमी : आई लव यू माँ,
माँ : बेटा, मै किसी भी कागज पर साइन नहीं करूंगी !

## रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छर दुनिया में किसी भी अन्य जानवर की तुलना में अधिक मौत का कारण बनता है। वे मलेरिया, डेंगू बुखार, और पीले बुखार सहित बीमारियों के वाहक होते हैं जिन्हें मच्छर रक्त चूसते समय मनुष्यों और जानवरों को प्रसारित किया जा सकता है।
- क्या आप जानते हैं? अफ्रीका और ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के कुछ हिस्सों में, मच्छरों को मोजीज के रूप में जाना जाता है।
- जीवविज्ञानी आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छरों का उपयोग करके मलेरिया से लड़ रहे हैं जो प्रतिरक्षक हैं और इस प्रकार इसे प्रसारित करने में असमर्थ हैं। मतलब मनुष्यों में मलेरिया को ठीक करने का सबसे आसान तरीका मच्छरों को ठीक करना है।
- मच्छरों में छह पैर और पंखों की एक जोड़ी होती है। वे अपने पंख 450 से 600 गुना केवल एक सेकंड में फडफडा सकते हैं, जो सामान्य गूंज ध्वनि बनाता है।
- जब एक मादा मच्छर खून को चूसती है तो उसका पेट फैलता है और रक्त को अपने शरीर के वजन से 3 गुना अधिक स्टोर कर सकता है।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# लगातार दूसरे स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे नीरज चोपड़ा

## अरशद नदीम से मिलेगी चुनौती





**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा गुरुवार की रात ओलंपिक में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे। नीरज ने क्वालिफिकेशन में दमदार प्रदर्शन किया था और पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक की तरह यहां भी कुछ सेकेंड में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था लेकिन इस बार पिछले ओलंपिक की तुलना में चुनौती अधिक कड़ी है। कुल नौ खिलाड़ियों में से पांच ने नीरज की तरह अपने पहले थ्रो में ही फाइनल में जगह बना ली थी।

**खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें भाला फेंक एथलीट बनने के करीब**

भारत का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझता है क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले आठ वर्षों से चुनौती पेश कर रहे हैं। वह इसके बाद तुरंत ही खेल गांव लौट गए ताकि फाइनल से पहले पर्याप्त विश्राम कर सकें क्योंकि काफी कुछ दांव पर लगा है। नीरज फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड, 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे, 2004 और 2008) की ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं।

### दो ओलंपिक पदक जीतने वाले चौथे भारतीय होंगे

अगर नीरज कोई भी पदक अपने नाम करते हैं तो भी वह स्वतंत्रता के बाद दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले सिर्फ चौथे भारतीय खिलाड़ी होंगे। स्वतंत्रता के बाद बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू (एक रजत और एक कांस्य), पहलवान सुशील कुमार (एक रजत और एक कांस्य) और निशानेबाज मनु भाकर (दो कांस्य) ही भारत के लिए दो ओलंपिक पदक जीत पाए हैं।

### नीरज के लिए आसान नहीं होगी राह

नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया और इस तरह एडक्टर की चोट से जुड़ी चिंताओं को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। यह नीरज के करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। नीरज को फाइनल में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और पाकिस्तान के अरशद नदीम से कड़ी चुनौती मिल सकती है जो सही समय पर फॉर्म में लौटे हैं। इनके अलावा टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकुब वालडेच भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था, जबकि उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में स्टॉकहोम डाइमंड लीग में रजत पदक जीतने के दौरान किया था। यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

# मनु भाकर के कोच ने कहा, 'दुनिया देख रही है देश की बेटी की उपलब्धि'



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में डबल पदक विजेता मनु भाकर आज भारत लौट आईं हैं। दिल्ली में हवाई अड्डे पर ढोल नगाड़े के साथ उनका भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, जो मुझे इतना प्यार मिल रहा है। कोच जसपाल राणा ने कहा कि दुनिया देख रही है देश की बेटी की उपलब्धि। दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड के लोगों ने उत्साह और गर्मजोशी से मनु भाकर का स्वागत किया। पूरा इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर मनु भाकर बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने अपने सैकड़ों प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार किया। मनु भाकर ने कहा कि मैंने आलू के परांठे बहुत मिस किए। अब खाने के लिए तैयार हूं। वो भारी सुरक्षा के बीच अपने माता-पिता, परिवार के सदस्यों और कोच के साथ गाड़ी से एयरपोर्ट से रवाना हुईं। इस बेहद खास मौके पर मनु भाकर के कोच जसपाल राणा बेहद खुश और गौरवान्वित नजर आए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जीत है। किसी भी खिलाड़ी ने आज तक ओलंपिक में दो मेडल नहीं जीते हैं। एक महिला खिलाड़ी दो पदक जीतकर आई है। शूटिंग में यह भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज पूरी दुनिया देश की बेटी की उपलब्धि देख रही है। आप सबको इसकी ढेरों बधाई। बता दें कि मनु ने महिला व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल में और मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज जीते थे।

## दमखम दिखाएंगी मेरठ की बेटियां

# जेवलिन में अन्नू और प्रियंका रेस वॉक रिले में लेंगी हिस्सा





**मेरठ।** जेवलिन दिवस पर आज अन्नू रानी भाला फेंक इवेंट के पहले राउंड में प्रतिभाग करेंगी। प्रियंका गोस्वामी मैराथन रेस वॉक रिले में हिस्सा लेंगी। दोनों खिलाड़ियों के ऊपर ही मेरठ वासियों की पदक की उम्मीद है।

मेरठ से पेरिस ओलंपिक में तीन महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। इनमें पारुल चौधरी अपने दोनों इवेंट 3000 मीटर स्टीपल चेज और 5000 मीटर दौड़ में फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। प्रियंका गोस्वामी भी 20 किमी पैदल चाल में 41वें स्थान पर रही थीं।

आज प्रियंका गोस्वामी एक बार फिर इवेंट में शामिल होंगी। वह सुबह 11 बजे मैरथन रेस वॉक रिले में प्रतिभाग करेंगी। अन्नू रानी जेवलिन थ्रो में पहली बार अपना प्रदर्शन करने उतरेंगी। वह दोपहर 1:55 बजे इवेंट में हिस्सा लेंगी।

**जेवलिन दिवस पर करेंगी प्रतिभाग**

एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया ने नीरज चोपड़ा की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए 7 अगस्त को राष्ट्रीय जेवलिन दिवस के रूप में घोषित किया था। टोक्यो ओलंपिक में पदक प्राप्त करने के बाद से हर वर्ष 7 अगस्त को यह दिवस मनाया जाता है।

अन्नू रानी एशियन गेम्स में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर चर्चा में आई थीं। उन्होंने 2023 एशियन गेम्स में 62.92 मीटर दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता था। वह टोक्यो ओलंपिक में भी प्रतिभाग कर चुकी हैं।

### ये हैं अन्नू की उपलब्धियां

व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ पदर्शन– 2022 में जमशेदपुर में होने वाली इंडियन ओपन जेवलिन थ्रो में 63.82 मीटर दूरी तय की

2023– एशियन गेम्स में 62.92 मीटर दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता

2021 – टोक्यो ओलंपिक में प्रतिभाग।

2022– बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक

2019 – एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक।

2017 – एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक।

2016 – साउथ एशियन गेम्स में रजत पदक।


2014 – एशियन गेम्स में कांस्य पदक।

# पहलवान अंतिम पंघाल 53 किग्रा प्री-क्वार्टर में तकनीकी श्रेष्ठता के कारण हारीं



**पेरिस।** भारत की महिला कुश्ती में पदक की बड़ी उम्मीद अंतिम पंघाल को बुधवार को यहां 53 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के जेनेप येटगिल के हाथों तकनीकी श्रेष्ठता (0-10) के आधार पर हार का सामना करना पड़ा। चौथी वरीयता प्राप्त अंतिम दो बार की विश्व जूनियर चैंपियन और पिछले साल हांगझोउ में एशियाई खेलों में कांस्य पदक विजेता हैं। हालाँकि, बुधवार को 19 वर्षीय तुर्की पहलवान के खिलाफ अपना प्रदर्शन नहीं दोहरा सकीं। जेनेप शुरूआत से ही बाउट पर नियंत्रण कर रही थी, क्योंकि उसने बाउट के पहले 39 सेकंड में 4-0 की बढ़त ले ली थी और इसके बाद सही चाल के साथ केवल 1.41 सेकंड में अंतिम पर जीत सुनिश्चित कर दी। 19 वर्षीय अंतिम, जिन्हें चौथी वरीयता प्राप्त है, उम्मीद करेंगी कि जेनेप फाइनल में पहुंचे ताकि उन्हें रेपेचेज राउंड के माध्यम से कांस्य पदक के लिए लड़ने का मौका मिले। ओलंपिक में पहली बार, प्रत्येक भार वर्ग में शीर्ष आठ पहलवानों को मौका मिलने के साथ वरीयता दी गई है। 2023 विश्व चैंपियनशिप, 2024 कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप, 2024 जाग्रेब ओपन रैंकिंग सीरीज और 2024 हंगेरियन रैंकिंग सीरीज में पहलवानों के प्रदर्शन के आधार पर सीडिंग प्रदान की गई। अंतिम ने 2022 में जूनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला के रूप में इतिहास रचा, 2023 में अपने खिताब का बचाव किया। उन्होंने 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक, 2022 एशियाई खेलों में कांस्य पदक और 2023 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक अर्जित करके अपनी उपलब्धि दोहराई।

# पहलवान विनेश फोगाट को लगा तगड़ा झटका



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला कुश्ती 50 किग्रा स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से पहले पहलवान विनेश फोगाट को तगड़ा झटका लगा है। उन्हें अधिक वजन के कारण फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया है। मंगलवार को उन्होंने सेमीफाइनल में क्यूबा की लोपेज गुजमान को 5-0 से हराया था। वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला पहलवान बनीं थीं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विनेश फोगाट को वजन ज्यादा होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। संघ ने कहा, ₹भारतीय दल को इस बात का दुख है कि महिला कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग से विनेश फोगट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह मौजूदा प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगा।

## ओलंपिक के फाइनल मुकाबले से पहले हुईं बाहर

### सेमीफाइनल में जीती थीं विनेश

मंगलवार को खेले गए मुकाबले में विनेश पहले राउंड तक 1-0 से आगे थीं। फिर आखिरी तीन मिनट में उन्होंने क्यूबा की पहलवान पर डबल लेग अटैक किया और चार पॉइंट अर्जित किए। इस बढ़त को उन्होंने अंत तक बनाए रखा और फाइनल में जगह बनाई। विनेश का इस ओलंपिक में सफर शानदार रहा है। सेमीफाइनल से पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की लिवाच उकसाना को 7-5 से हराया था।

### फाइनल में अमेरिका की इस पहलवान से होना था मुकाबला

फाइनल में विनेश का अमेरिका की सारा एन हिल्डब्रांड से मुकाबला होना था। अमेरिका की इस पहलवान ने टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वे विश्व चैंपियनशिप में दो रजत और दो कांस्य मेडल भी जीत चुकी हैं। यह मुकाबला देर रात 12 :30 बजे (आठ अगस्त) खेला जाएगा।

### मां को किया था स्वर्ण जीतने का वादा

फाइनल के लिए क्वालिफाई करने के बाद विनेश ने अपनी मां से वीडियो कॉल के जरिए बात की थी। विनेश अपनी मां और परिवारवालों से बात करते हुए स्वर्ण पदक जीतने का वादा किया था। हालांकि, अब वह इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं।

# वैश्विक तापमान में वृद्धि से एथलीटों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा : शोध



**टीम ने 1 जून से 21 सितंबर, 2022 तक कोर्ट पर डब्ल्यूबीजीटी को मापा**

डब्ल्यूबीजीटी केवल पर्यावरणीय ताप जोखिम को मापता है, इसलिए भविष्य के हीट सुरक्षा दिशा-निर्देशों में प्रीडिक्टेड हीट स्ट्रेन जैसे बॉडी हीट बैलेंस मॉडल के उपयोग की आवश्यकता होगी, जो हीट जोखिम को मात्रात्मक रूप से मापते हैं।

**नई दिल्ली।** ग्लोबल वार्मिंग के कारण हुई वैश्विक तापमान में वृद्धि का असर यह है कि हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है, जो विशेष रूप से टेनिस जैसे प्रतिस्पर्धी खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों के लिए अधिक परेशान करने वाला है। टेनिस में प्रसिद्ध बिग 3 ट्रायमविरेट के सदस्य राफेल नडाल इस वास्तविकता का एक उल्लेखनीय उदाहरण हैं, जब उन्हें 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल के दौरान हीट स्ट्रोक का सामना करना पड़ा था, जिससे उनका 4 किलोग्राम वजन कम हो गया था। टेनिस मैच सख्त, घास और मिट्टी के कोर्ट पर खेले जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि गर्मी का भार सतह के आधार पर भिन्न होता है, जिससे अलग-अलग सूक्ष्म जलवायु वातावरण बनते हैं। वेट-बल्ब ग्लोब तापमान सूचकांक (डब्ल्यूबीजीटी) का उपयोग खेलों में थर्मल वातावरण का आंकलन करने के लिए किया जाता है। टेनिस कोर्ट के बीच डब्ल्यूबीजीटी अंतर पर पिछले अध्ययनों में समय को लेकर कुछ सीमाएं थीं। इन मुद्दों पर विचार करते हुए दोशीशा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य और खेल विज्ञान स्नातकोत्तर स्कूल के पीएचडी छात्र हिरोकी यामागुची और प्रोफेसर कोजीरो इशी के नेतृत्व में जापान की एक टीम ने डब्ल्यूबीजीटी मीटर का उपयोग करके विभिन्न टेनिस कोर्ट के तापमान की जांच की। यामागुची बताते हैं, प्रतिस्पर्धी एथलीटों में गैर-दर्दनाक मौत का दूसरा सबसे आम कारण व्यायाम के दौरान होने वाला हीट स्ट्रोक है। एक टेनिस खिलाड़ी के रूप में मैंने मैचों के दौरान हीट स्ट्रोक का अनुभव किया है। विभिन्न टेनिस कोर्ट में गर्मी की स्थिति की जांच करने से व्यायाम संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी मिल सकती है और खेलों में प्रभावी हीट प्रबंधन में योगदान मिल सकता है।

# कोहली ने रियान से कहा: 'तुम्हारे अंदर मैच विजेता बनने की क्षमता है'



**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ भारत के तीसरे मैच से पहले रियान पराग को पहली वनडे कैप देने वाले करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि वह जानते हैं कि गुवाहाटी के इस युवा खिलाड़ी में 50 ओवर के प्रारूप में मैच विजेता बनने की क्षमता है। बुधवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में, पराग भारत के लिए पुरुष वनडे खेलने वाले 256वें क्रिकेटर बन गए, जो जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 में पदार्पण करने के एक महीने बाद आया। कोहली ने बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, रियान, सबसे पहले, भारत के लिए अपना पहला (एकदिवसीय) मैच खेलने के लिए बधाई। आज के क्रिकेट में, प्रदर्शन के अलावा, हम सभी जानते हैं कि जो लोग आप लोगों के चयन के लिए ज़िम्मेदार हैं, वे आपको देख रहे हैं और वे आप में कुछ विशेष देखते हैं । जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) भाई, रोहित, चयनकर्ताओं, हर किसी से बात करने के बाद, उन्हें आपमें कुछ खास नजर आता है। आपमें भारत के लिए मैच विजेता बनने की क्षमता है। मुझे पता है कि आपमें यह विश्वास है। उन्होंने आगे कहा, मैं आपको काफी समय से जानता हूं और हम सभी को आप पर विश्वास है। मैदान, गेंद, बल्ले और क्षेत्ररक्षण पर भी प्रभावशाली उपस्थिति के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत करने के लिए आज कदम उठाने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मैं आपके सर्वोत्तम की कामना करता हूं। पराग अब भारत के लिए पुरुष वनडे खेलने वाले असम के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं। इस ऑलराउंडर ने पल्लेकेले में टी20 सीरीज के दौरान अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से श्रीलंकाई बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था और तीसरे वनडे में अर्शदीप सिंह की जगह आए हैं। बीसीसीआई के 'एक्स' अकाउंट पर एक वीडियो में, पराग ने गुवाहाटी से भारत के लिए 50 ओवर का क्रिकेट खेलने तक की अपनी यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। असम से आते हुए, यह एक 'असंभव' शब्द था, एक बच्चे के लिए यहां आना और आप जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलना (रोहित शर्मा को देखते हुए) बहुत दूर की बात थी, और उन खिलाड़ियों के साथ जिन्हें मैंने देखा है और जब मैं बड़ा हो रहा था तब उन्हें आदर्श बनाया था ।

तो, जब मैंने शुरूआत की थी तो यही आदर्श वाक्य था लेकिन फिर मैंने और मेरे माता-पिता ने एक मिशन बनाया कि हम इसे यहां तक पहुंचाएंगे। एक बार जब हम ऐसा कर लेंगे, तो हम ठीक हो जाएंगे, यह कुछ ऐसा है जिसे हमने पूरा किया है। अब, यह मेरे लिए और भी अधिक भावनात्मक था क्योंकि मैंने वास्तव में उन लोगों को देखा जिन्हें मैं बड़े होते हुए देख रहा था, रोहित भाई, विराट भैया और अब वास्तव में यहाँ अभ्यास करते हुए, अंदर जाते हुए, एक ही होटल साझा करते हुए, एक ही कमरे में रहते हुए, यह सब बिल्कुल असली महसूस होता है ।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, जब मुझे पहली बार यह मिला तो मैंने अपनी मां को फोन किया और जब मुझे वनडे के लिए बुलाया गया तो मां-पिताजी मेरे साथ वीडियो कॉल पर थे। हर कोई रो रहा था, यह मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक अनुभव था और यहां आकर मुझे बहुत अजीब लगा और आप लोगों के साथ रहना अद्भुत लगता है, इसलिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# 122 विद्यालयों को पराजित कर सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद गायन प्रतियोगिता में अव्वल

## छात्रा अनिका सक्सेना ने विद्यालय का नाम किया रोशन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल की कक्षा आठ की होनहार छात्रा अनिका सक्सेना ने गुरुवार को सत्य साईं फाउंडेशन, दिल्ली केंद्र द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता में विद्यालयी स्तर पर 122 विद्यालयों को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया व ट्रॉफी जीतकर विद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया है। इस सफलता का श्रेय उस छात्रा ने अपने माता-पिता के आशीर्वाद, अपने अथक परिश्रम, गुरुजनों की प्रेरणा, आशीर्वाद व गायन प्रशिक्षण दिलाने वाले गुरुजी (कोच) के उचित मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय की डायरेक्टर विभा रावत व प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी व हैड मिस्ट्रेस उपाली भट्टाचार्या ने छात्रा को प्रोत्साहित किया।

# श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी, रियान पराग का डेब्यू

## ऋषभ पंत की प्लेइंग-11 में एंट्री



**कोलंबो।** श्रीलंका ने बुधवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया के लिए रियान पराग डेब्यू करेंगे, जबकि ऋषभ पंत 20 महीने बाद वनडे फॉर्मेट में खेलेंगे। श्रीलंका इस सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ आगे है। अगर श्रीलंका सीरीज का आखिरी मुकाबला जीत जाती है, तो ये 1997 के बाद पहला मौका होगा जब वो भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीतेगी। पराग को टॉस से कुछ मिनट पहले विराट कोहली से वनडे कैप मिली और वे प्लेइंग-11 में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेंगे। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के अलावा पराग की ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी इस मैच में टीम के काम आएगी और भारत को स्पिन की इस मददगार पिच पर तीसरा स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिला है। दूसरी ओर, बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत नवंबर 2022 के बाद पहली बार वनडे खेल रहे हैं। बुधवार के मैच के लिए उन्हें साथी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, पिछले दो मैचों में हमें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। यह स्पष्ट है कि हमें बल्ले और गेंद से क्या करना है। हमने इस पर ध्यान दिया है और एक समूह के रूप में हमें क्या करने की आवश्यकता है। आपको विपक्ष को श्रेय देना होगा, उन्होंने अच्छा खेला और स्थिति को अच्छी तरह से समझा। हमारे पास पिछले मैच की हार की गलतियों को सुधारने का एक और मौका है। श्रीलंका के कप्तान चरित असालंका ने कहा कि स्पिनर अकिला धनंजय की जगह ऑफ स्पिनर महेश थीक्षाना को शामिल किया गया है। यह पिच पिछले दो वनडे मैचों की तरह ही दिख रही है। खिलाड़ी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं; हम अच्छी स्थिति में हैं। मैं इस पिच पर टीम के किसी बल्लेबाज को शतक बनाते देखना चाहूंगा।

# विनेश को अयोग्य घोषित किया जाना बहुत चौंकाने वाला: पीटी उषा



**पेरिस।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने पहली प्रतिक्रिया दी है। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को वजन के नियमों का उल्लंघन करने के कारण 50 किलोग्राम महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनका वजन निर्धारित मानक से 100 ग्राम अधिक था, जिसके कारण अधिकारियों ने कड़ा कदम उठाया। इस बीच, पीटी उषा ने विनेश के अयोग्य घोषित किए जाने को चौंकाने वाला बताया है और साथ ही कहा है कि आईओए उन्हें पूरा भावनात्मक और मेडिकल सपोर्ट प्रदान कर रहा है। आईओए प्रमुख ने कहा, ₹विनेश को अयोग्य घोषित किया जाना बहुत ही चौंकाने वाला है। मैं उनसे ओलंपिक गांव के क्लिनिक में मिली, और उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ, भारत सरकार और पूरे देश का पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। हम विनेश को सभी तरह का मेडिकल और भावनात्मक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने यूडब्लूडब्लू को विनेश की अयोग्यता के फैसले पर फिर से विचार करने के लिए अपील की है।

**नीलामी सूचना**

पत्र संख्या- क-7/2024 | दिनांक अगस्त, 07 2024

टॉस्क फोर्स 47 पीएसी गाजियाबाद में वाहिनी के भार पर उपलब्ध ऐसी राजकीय सम्पत्ति, जो निष्प्रयोज्य घोषित की जा चुकी है, की नीलामी दिनॉक 14.08.2024 को समय 11 :00 बजे 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में की जानी है। इच्छुक ठेकेदार नियत दिनांक पर वाहिनी में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है।

सेनानायक

टास्कफोर्स 47वीं पीएसी गाजियाबाद।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति गाजियाबाद की समीक्षा बैठक आयोजित

## स्पॉन्सरशिप योजना के तहत दिलाया जाए पात्रों को लाभ : जिलाधिकारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति गाजियाबाद की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम जनपद में स्वैछिक संगठनों के माध्यम से संचालित बाल गृह (शिशु/बालक/बालिका) की समीक्षा की गई। घरौंदा बाल गृह (शिशु) में 19 बालक, घरौंदा विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में में 05, आशियाना होम फॉर गर्ल्स में 19 उडडयन होम फॉर गर्ल्स में 13 एवं उदय खुला बाल आश्रय गृह में 03 बालक निवासरत हैं। आशियाना होम फॉर गर्ल्स की अधीक्षिका पिंकी ने बताया कि होम में अन्य बालिकाओं के साथ ही पॉक्सो एक्ट की बालिकायें भी आवासित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने बाल कल्याण समिति को निर्देशित किया कि पॉक्सो एक्ट की सभी बालिकाओं को नोएडा स्थिति बालिका गृह में ही भेजा जाये। अन्य बालिकाओं के साथ रहने पर पोक्सो एक्ट की बालिकाओं के साथ ही अन्य बालिकाओं पर भी इसके प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी गृहों के अधीक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को शीघ्रता से उनके परिवारों में पुनर्वासित किया जाये क्योंकि बच्चे का पूर्ण विकास अपने परिवार के साथ रहकर ही हो सकता है। चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी संस्थाओं में बालकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक महिला रोग विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ एवं एक मनोचिकित्सक की संयुक्त टीम बनाकर माह में एक दिन निर्धारित कर प्रत्येक माह सभी बालक/बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये और उसकी रिपोर्ट उन्हें प्रेषित की जाये। संस्थाओं से सम्बन्धित थाना क्षेत्र की पुलिस गस्त नियमित रूप से संस्थाओं के आस पास की जाये।

### यौन शोषण की शिकायतों को संवेदनशीलता से लें

**करंट क्राइम।** श्रम विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी इंडस्ट्रीज में जाकर निरीक्षण कर लें कि कहीं कोई बच्चा बाल श्रम में तो नहीं लगा है, जिससे बालकों के साथ कोई अप्रिय घटना न हो पाये। चाइल्ड हेल्प लाइन में प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि यौन शोषण की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ निस्तारित करें तथा प्रकरण का नियमित फॉलोअप लिया जाये।

**समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे अधिकारी**

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, प्रिया श्रीपाल ए0सी0पी0 पुलिस, मनोज कुमार पुष्कर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अमरजीत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डा0 अनुराग, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, पुष्पलता, जिला अर्थ एव संख्याधिकारी, विरेन्द्र कुमार ए0एस0सी0, श्रम विभाग, बी0एस0 राठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, के साथ ही संस्थाओं के अधीक्षक एवं अधीक्षिकाएं, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने की बाल संरक्षण योजना की समीक्षा

**करंट क्राइम।** बाल संरक्षण योजना की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया गया कि बाल सेवा योजना (कोविड) में 723 बालकों, बाल सेवा योजना (सामान्य) में 348 बालकों एवं स्पॉन्सरशिप योजना में 244 बालकों को लाभान्वित किया जा रहा है। वर्तमान में बाल सेवा योजना के स्थान पर स्पॉन्सरशिप योजना आरम्भ की गई है तथा नवीन पात्र बच्चों का इस योजना में चिन्हांकन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उक्त योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये एवं अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित किया जाये।

### बच्चों को दत्तक ग्रहण से मुक्त करने में होता है बिलम्ब : कौमुदी चौधरी

**करंट क्राइम।** बाल कल्याण समिति की सदस्या कौमुदी चौधरी ने अवगत कराया कि दत्तक ग्रहण के लिए बालकों को मुक्त करने के लिए थाना ए0एच0टी0यू0 से 'नोन क्लेमेन्ट' (गैर दावेदार) प्रमाण पत्र जारी होने में काफी समय लग जाता है जिससे बच्चों को दत्तक ग्रहण से मुक्त करने में बिलम्ब होता है। जिलाधिकारी ने प्रभारी ए0एच0टी0यू0 एवं सम्बन्धित पुलिस अधिकारी को इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिये।

### किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा पर जिलाधिकारी ने रोष जताया

किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा के दौरान किशोर न्याय बोर्ड में अधिक संख्या में वाद लम्बित होने पर रोष व्यक्त किया गया और बैठक में उपस्थित सदस्यों से यथाशीघ्र वादों के निस्तारण की कार्यवाही के निर्देश दिये गये।




### चुकाईये सियासी निष्ठा की फीस इसमें क्या करेगें खबरनवीस

एक पालीथीन को लेकर सीन टकराव का होता ही रहता है। ठेले पटरी दुकानदारों के यहां पालीथीन मिली तो सीन चालान का होना ही है। गाय अगर घर के बाहर मिली तो निगम वाले उठाकर ले जायेगें और दस हजार का जुर्माना देकर ही गाय छूट पायेगी। बाजार में फूलवाला पार्षद ही बुलडोजर के साथ आयेगा और तोड़फोड़ मचवायेगा। फूल वाला मेंबर ही मकान पर सील लगवा देगा। ये काम तो उनके बस का है लेकिन हाऊस टैक्स कम कराना उनके बस का नही है। दुकानों के किराये कम कराना उनके बस का नही है। अब निगम का बदूंक वाला व्यापारी को गाली बक रहा है। व्यापारी नेता खुद भाजपाई हैं और इस बात से वो मुकर भी नही सकते क्योंकि जब भगवा पटके पहने तो वो सब वीडियो मौजूद हैं। वोट बीजेपी को दिया है और सपोर्ट व्यापारी को करना है। मोर्चा खोलने के बजाय वो खबरनवीसों से मदद चाहते हैं। कहने वाले ने कहा कि कमल वाले भी कमाल ही काट देते हैं। अरे सरकार तुम्हारी राज तुम्हारा तो डेरा डालो घेरा डालो मगर खबरनवीसों को अपनी लड़ाई में बीच में मत डालो। भगवा व्यापारी नेताओं से निवेदन हैं कि चुकाईये सियासी निष्ठा की फीस, इस मामले में क्या कर लेगें खबरनवीस।

### उनके नाम से ही चौकस हो गये हैं इस पार उस पार के फूल वाले

विटंर सीजन से पहले ही शहर को नया विधायक मिलना तय माना जा रहा है। चुनाव शहर में होना मगर चुनावी स्वयंबर के दूल्हे गांव से भी आ रहे हैं। नदिया के उस पार वाले तो हवनकुंड लेकर आ रहे हैं। लाइनपार वाले साइलेंट चल रहे हैं और सोच रहे हैं कि किसी को खबर नहीं हैं। क्रांसिंग वाली मैडम भी ड्रीम तो देख ही रहीं हैं भले ही थीम हो या ना हों। इन सबके बीच एक नाम ऐसा है जिसने फूल वालों को चौकस कर दिया है। ये नाम आयेगा तो नदियापार से ही लेकिन साईकिल पर आयेगा या हाथ पर आयेगा ये तय नही हैं। सियासी नब्ज भांपने वाले बता रहे हैं कि शहर हो या देहात उन पर थोड़ा फर्क नही पड़ता। उन्होने तो लहर में अपनी शरीक ए हयात को निर्दलीय जितवा कर लहर वालों को सियासी औकात बता दी। उनके आने की आहट से ही फूल वाले सजग हो गये हैं। कहने वाले कह भी रहे हैं कि अगर पंडित जी गठबधंन से आ गये तो हार जीत का तो राम जाने लेकिन चुनाव रोचक हो जायेगा। कहने वाले ने कहा कि फूल वालों में ही कई उनके चेले हैं और आप कतई ना समझे कि वो यहां अकेले हैं।

### वो कर रही है दुआओं की मुनादी मेरी मदद को आये समाजवादी

दान की गाय और निगम के जुर्माने का किस्सा भगवा नगरी में गूंजा और गूंज सियासी गलियारों में सुनाई दी। राम वाले उस पुजारी की मदद के लिये आगे नही आये जिसे दान में गाय मिली और निगम वाले उठाकर ले गये। निगम में होगा बहुमत फूल वालों का मगर गाय की रिहाई उनसे भी ना हो पाई। गेट के अंदर गाय और गेट के बाहर गाय की मालकिन महिला। बीच में जुर्माने का फसाना। सीन में एंट्री उस समाजवादी की हुई जिसने जनरल के घर के बाहर पकौड़े तल दिये, पोस्टर लगा दिये और आवास योजना को लेकर अफसर से उलझ गये। जिला बदर भी हुये लेकिन जज्बे में कहीं कोई कमी नही है। फूल वालों की सरकार में साईकिल वाला समाजवादी एलान के साथ गाय छुड़ा लाया। जिसने गाय छुड़ाई उसी की बूढ़ी महिला दे रही है दुहाई। वो कर रही है दुआओं की मुनादी, मैं हमेशा इस बात को याद रखूंगी कि मेरी मदद को आये थे समाजवादी।

## व्यापारियों ने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान का आभार जताया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने नगर निगम की ओर से जो 1702 दुकानों का किराया बढ़ाया जा रहा है। व्यापारियों की इस पीड़ा को देखकर अध्यक्ष एके शर्मा शहर विकास मंत्री को अवगत करवाया। हम सभी व्यापारी भाई उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं क्योंकि नगर निगम के अधिकारी बिना नियम के किराया बढ़ा रहे हैं। व्यापारी इतना परेशान हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले घंटाघर पर लगातार 5 दिन तक धरना देते रहे पर कहीं पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई, उसके बाद समिति बनाई गई और नगर निगम के अधिकारी और समिति के सदस्यों में मीटिंग हुई लेकिन किसी भी प्रकार का कोई भी निर्णय नहीं लिया गया। केवल हमसे पेपर मांगे गए और हमने पेपर दे दिए उसके बाद नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक वाले दिन किराए को लेकर व्यापारियों ने नगर निगम पर धरना प्रदर्शन किया। नगर आयुक्त और पार्षदों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया लेकिन अब हमें विश्वास है कि संगठन के मुखिया अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान ने गंभीरता से लेकर हमारी तकलीफ मंत्रीजी के आगे रखी। हम सभी व्यापारी भाई और समिति के सदस्य सुरेश महाजन, राकेश स्वामी, संजीव लाहोरिया, सुरेश गुप्ता, बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।

## हरियाली और श्रृंगार का संगम : पावन चिंतन धारा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया तीज उत्सव

### महिलाओं ने गीत-संगीत, झूले, नृत्य आदि का किया आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्वविख्यात संत एवं शिक्षाविद डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' के पावन चिंतन धारा आश्रम में भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार हरियाली तीज, हर वर्ष की भांति खूब धूमधाम से मनाया गया। भारतीय संस्कृति के त्यौहार प्रकृति के साथ तारतम्यता बनाते हुए ही मनाए जाते हैं। इसी प्रकार तीज के पर्व में भी स्त्रियों के साथ प्रकृति भी खिलखिलाती है। जहां एक ओर स्त्रियां सोलह श्रृंगार करती हैं वहीं दूसरी तरफ प्रकृति भी अपने पूरे श्रृंगार पर होती है। हरियाली की चादर ओढ़े प्रकृति कहीं आम के पेड़ में नई बौर के रूप में होती है तो कहीं पौधों पर नई कोपलों के रूप में। चहचहाते पक्षियों का मधुर कलरव और बारिश की फुहार चहुंओर प्रसन्नता का माहौल बनाता है। ऐसा ही कुछ नजारा पावन चिंतन धारा आश्रम में भी था जहां प्रकृति का श्रृंगार चरम पर था। श्रावण मास के शुक्लपक्ष की तृतीया को मनाए जाने वाला तीज का त्यौहार भगवान शिव-पार्वती को समर्पित होता है। अपने जीवनसाथी के प्रति स्नेह-समर्पण के अनूठे बंधन को संजोए रखना हर स्त्री की कामना होती है।

अविवाहित बच्चियां एवं विवाहित स्त्रियां तीज पर बाबा शिव और माता पार्वती से प्रार्थना करती हैं कि वे उनके भावी एवं वर्तमान वैवाहिक जीवन को सुखमय बना रखें। आश्रम के स्त्री प्रकल्प सनातन वीमेन ने इस उत्सव को गुरुमां डॉ. कविता अस्थाना के सानिध्य में मनाया।

### कार्यक्रम का आरम्भ शिव-पार्वती पूजन से हुआ

**करंट क्राइम।** अखंड सौभाग्य कि मंगलकामना करते हुए कार्यक्रम का आरम्भ शिव-पार्वती पूजन से किया गया। इसके पश्चात हुए भारतीय नृत्यों की प्रस्तुति में सभी स्त्रियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुछ सदस्यों द्वारा स्वरचित रचनाओं का पाठ बड़े भाव और मार्मिकता के साथ किया गया। सावन के गीत गाते हुए स्त्रियों ने झूले का आनन्द भी लिया। हर्ष और रोमांच से भरे तीज उत्सव में महिलाओं और बच्चियों ने आलता-मेहंदी लगाई, नृत्य किया तथा विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता आयोजित कर आनंद किया। गीत-संगीत से सजा माहौल हर तरफ प्रसन्नता बिखेर रहा था। पावन चिंतन धारा आश्रम में आयोजित तीज उत्सव में राजनगर एक्सटेंशन की पाल्म रिसोर्ट सोसाइटी की महिलाओं ने भी शामिल हो प्रफुल्लता का अनुभव किया एवं और भारतीय संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर गाजियाबाद, दिल्ली, नोएडा व मेरठ शहर से आईं सैकड़ों स्त्रियां उपस्थित थीं।

## जेएमएस आईटी गाजियाबाद ने किया टॉप रैंकर्स को पुरस्कृत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्थान ने सभी पाठ्यक्रमों के विभिन्न वर्षों के टॉप रैंकर छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल, प्रशस्ति-पत्र और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। यह सम्मान समारोह संस्थान परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल, महानिदेशक प्रो. (डॉ.) सुभाष गौतम, निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास और चीफ एडमिन ऑफिसर पी. के. भारद्वाज ने माता सरस्वती के विग्रह के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**प्रोफेसर्स विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनें : डॉ. गौतम**

अपने उद्बोधन में डॉ. गौतम ने कहा कि प्रतिस्पर्धा और अनुष्ठान के समुचित उपयोग से हम विश्व स्तरीय गुणवत्ता संपन्न प्रोफेशनल्स देश को दे सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि संस्थान के रूप में हम सभी अत्याधुनिक सुविधाएं छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प हैं। अपने संदेश में उन्होंने छात्र-छात्राओं को माता-पिता और शिक्षकों के आशीर्वाद के महत्व को समझाया और सफलता के विभिन्न सूत्रों का विस्तार से वर्णन किया। डॉ. गौतम ने संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, इंडस्ट्रियल विजिट्स, टेक्निकल प्रोजेक्ट्स कंपटीशन और डिबेट कंपटीशन की प्रशंसा की। उन्होंने प्रोफेसर्स को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का सुझाव दिया और यह भी कहा कि संस्थान के सभी कार्यक्रमों का केंद्रबिंदु विद्यार्थी ही हैं। कार्यक्रम के अंत में निदेशक डॉ. विश्वास ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि संस्थान परिवार का प्रत्येक सदस्य बधाई का पात्र है, और शीघ्र ही हमारा संस्थान विश्वविद्यालय के वरीयता क्रम में उच्च स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने पुरस्कार समारोह में रैंक होल्डर विद्यार्थियों के साथ आए अभिभावकों, मुख्य अतिथियों और संपूर्ण संस्था परिवार का आभार व्यक्त किया।




### त्यौहारी रजिस्टर में लिखे जांएगे कांवड़ किस्से

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में जल्द ही थानों के खास रजिस्टरों की जांच होने की बसत सामने आ रही है। वहीं सुनने में आया है कि बीते दिनों कांवड़ यात्रा के दौरान जो हंगामा और घटनाएं हुई थी जल्दी उसको त्यौहारी रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि त्यौहारी रजिस्टर का इस्तेमाल लगभग आधा दर्जन थानाक्षेत्रों में होने वाला है। वहीं सुनने में आया है कि आने वाले दिनों में 15 अगस्त, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के त्यौहार को लेकर भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि वैसे इस बार भी प्रदेश में बड़े स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री के निर्देश पर चलाया जाएगा। इसके साथ ही यूपी सरकार व उनके अलग-अलग विभाग इसमें भाग लेंगे। वहीं बताया जा रहा है कि इसमें पुलिस की भी भागीदारी देखने को मिल सकती है। सूत्र बता रहे हैं कि सिटी के तीन थानाक्षेत्रों के साथ ही नदियापार और देहात के थानों में भी त्यौहारी रजिस्टर का इस्तेमाल किया जाएगा। सुनने में आ रहा है कि इसमें घटना का पूरा विवरण, घायलों की संख्या उनके नाम पतों के साथ ही आरोपियों की जानकारी और शरारती तत्वों के बारे में भी सूचनाओं उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की भी विवरण रहेगा। ताकि अगले बार होने वाले आयोजनों को बिना किसी रुकावट व खेद के आयोजित कराया जा सके। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से इस बार कांवड़ यात्रा को प्रभावित करने की साजिशों का भी कुछ अधिकारियों द्वारा खुलासा किया गया है, उसको भी तीनों जोन के अधिकारियों को संज्ञान में लाने के निर्देश बीते दिनों ही दे दिए गए थे। सुनने में मिल रहा है की कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद पुलिस जल्द ही अपना 15 अगस्त वाला अभियान शुरू करने जा रही है। जिसको लेकर सुरक्षा का प्लान, तिरंगा अभियान और अलर्ट रखा जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट में दो जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारी यहां के इतिहास से नए हैं, इसीलिए वर्तमान तरीके की एक्सरसाइज और तैयारी को लेकर अभी से अलर्ट मोड पर भी आने वाले हैं। इसके साथ ही कमिश्नरेट में फिर से स्वतंत्रता दिवस को लेकर अलर्ट वाला प्रेसनोट भी जल्द जारी होने वाला है। कुल मिलाकर देखना होगा कि आगामी त्योहारों पर किस तरीके की शांति व्यवस्था देखने को मिलती है।




## केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

- 14 -15 सितंबर 2024 को कानपुर में होने जा रहे महा-अधिवेशन के लिए दिया सादर निमंत्रण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के महा-अधिवेशन में मुख्य अतिथि निमंत्रण के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से फिरोज शाह मार्ग, दिल्ली स्थित निवास स्थान पर उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चावला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चावला, उपाध्यक्ष एस. ए. रहमान, मंत्री संजय श्रीवास्तव एवं युवा अध्यक्ष (पश्चिम क्षेत्र) सरदार सुखविंदर सिंह उपस्थित रहे। अशोक चावला ने मंत्रीजी को 14 -15 सितंबर 2024 को कानपुर में होने जा रहे महा-अधिवेशन के लिए मुख्य अतिथि के लिए सादर निमंत्रण दिया।

**जीएसटी दर में छूट का किया अनुरोध**

व्यापार में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया जो इस प्रकार हैं- (1) टेंट, बैंक्विट हॉल, मैरिज होम, मंडप, लाइट व जनरेटर पर जीएसटी की दर 18% है उसको कम करके 12% करने का अनुरोध किया।

(2) सरकारी विभाग के कार्य करने पर भुगतान प्राप्त होने पर ही जीएसटी टैक्स जमा करने की छूट दी जाए। जैसा की सर्विस टैक्स के समय में भुगतान प्राप्ति के बाद ही टैक्स जमा करने का नियम था। ऐसा इसमें भी लागू किया जाना चाहिए।

### हापुड़ में पिस्टल दिखाकर महिला को मारा थप्पड़

**हापुड़।** जिले में बुधवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसमें एक व्यक्ति पिस्टल लेकर ई-रिक्शा में सवार महिला के थप्पड़ जड़ता नजर आ रहा था। मामला काफी चर्चा का विषय बना और वीडियो के आधार पर जांच की गई तो ये आम आदमी नहीं बल्कि यूपी पुलिस में दरोगा है। पुलिस लाइन में तैनात दरोगा ने कार की ई-रिक्शा से टक्कर होने पर महिला के थप्पड़ जड़ दिया, इतना ही नहीं महिला को पिस्टल दिखाकर डराया गया। यह घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले की संज्ञान लेते हुए एसपी ज्ञानेंजय सिंह ने दरोगा को सस्पेंड कर जांच के आदेश दिए हैं। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें पुलिस लाइन में तैनात दरोगा (एपी) शेर सिंह ई-रिक्शा में सवार एक महिला के साथ अभद्रता करता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके बाद वह महिला को थप्पड़ मार रहा है। जब महिला ने इसका विरोध किया तो दरोगा ने अपनी पिस्टल निकाल ली।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक का आयोजन

### बैठक में वैश्य समाज की उपेक्षा पर गंभीर चिंता प्रकट की गई







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक का आयोजन मंगलवार को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के ऑफिस केजी 35 कवि नगर गाजियाबाद पर किया गया। अग्रवाल सम्मेलन की बैठक को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल तथा महामंत्री रामकुमार तयाल आदि ने संबोधित किया। बैठक में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों ने वैश्य समाज की उपेक्षा पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए वैश्य समाज के उत्थान के लिए सभी से मिलजुलकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों ने सरकार से वैश्य समाज के लिए आयोग गठन करने की मांग की तथा वैश्य समाज व्यापारियों के लिए पेंशन लागू करने की मांग की। बैठक में गाजियाबाद विधानसभा से प्रदेश संगठन से वैश्य समाज के उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाने का आग्रह किया। सम्मेलन को जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता ने संबोधित करते हुए वैश्य समाज के लिए संघर्ष करने का वादा राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष से किया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में अग्रोहा धाम के लिए मिलजुलकर उसके सौंदर्यीकरण तथा संकल्प को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से मनोज गुप्ता, बाल किशन गुप्ता, अजय सिंघल, राजीव अग्रवाल, परमानंद सिंघल, भार्गव, ऋषि बंसल, अशोक भारतीय, सौरभ, संजीव गर्ग, आशु गोयल, केके अनिल आदि उपस्थित थे। लोहा विक्रेता मंडल अध्यक्ष अतुल जैन, वैश्य समाज के मुख्य पदाधिकारी अभिषेक गर्ग, अवनीश गर्ग, संजय गोयल, राजेश गुप्ता आदि ने सम्मेलन को संबोधित किया।

## बांग्लादेश में हो रहा हिंदू समाज पर अत्याचार : महेश अहूजा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्तापलट के कारण कट्टरपंथियों ने हिंदू समाज पर अत्याचार करना शुरू कर दिया है। हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस विषय को लेकर पूरे हिंदू समाज में आक्रोश है। हिंदू परिवार बांग्लादेश से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। मैं (महेश कुमार आहूजा) शिव सेना यू.बी.टी का प्रदेश उपाध्यक्ष होने के नाते भारत सरकार से मांग करता हूं कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू भाई-बहनों की सुरक्षा के उपाय किए जाएं।

# बांग्लादेश में अस्थिरता का माहौल, हिंदुओं पर बढ़े हमले

## प्रसिद्ध हिंदू कलाकार राहुल आनंदा के घर को आग लगाई

**ढाका।** बांग्लादेश में इस वक्त अस्थिरता का माहौल है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भी हिंसा नहीं रुक रही है। इन हिंसक घटनाओं में कई जिलों में विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के घरों और मंदिरों को निशाना बनाया गया। सुरक्षा बलों की गैर मौजूदगी में सोमवार से हिंदुओं पर हमले बढ़ गए हैं। यहां तक कि प्रसिद्ध हिंदू कलाकार राहुल आनंदा के घर को आग के हवाले कर दिया गया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर भारत समेत दुनिया भर के संगठनों ने चिंता जताई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अल्पसंख्यकों की स्थिति पर नजर रख रहा है।

पड़ोसी बांग्लादेश में आरक्षण के मुद्दे पर जारी छात्र आंदोलन के बीच 5 अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री देश छोड़कर भारत आ गईं। उधर सरकार बदलने के साथ ही देश भर में कई जिलों में अल्पसंख्यकों के घरों, दुकानों और पूजा स्थलों में तोड़फोड़ की गई।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार डेली स्टार ने रिपोर्ट दी कि सोमवार को ही कम से कम 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भीड़ ने हमला किया और उनके कीमती सामान भी लूट लिए गए।

### इन इलाकों में हिंदुओं को बनाया गया निशाना

**ढाका** – धानमंडी में कलाकार और बैंड जोलर गान के फ्रंटमैन राहुल आनंदा का घर। **चटगांव** – रावजान उपजिलें में दो हिंदुओं के घर। **शरियतपुर** – धानुका मनसा बारी मंदिर। **दिनाजपुर** – सेंटर श्मशान घाट और पार्वतीपुर उपजिला के काली मंदिर समेत पांच मंदिर। **चिरीरबंदर उपजिला** – कुछ हिंदू परिवारों के घर। **बिरमपुर उपजिला** – घर और दुकानें। **बोचागंज उपजिला** –






कई हिंदू परिवार। **पटुआखाली** – कुआकाटा में एक मंदिर और हिंदू समुदाय के दो घर। **कोलापारा नगरपालिका** – मेयर बिपुल हलधर का घर। **बरिशाल** – गौरानदी उपजिला में दुकान, महिलाओं के घर, कटपट्टी, चौकबाजार और बाजार रोड इलाकों में भी। **बोगुरा** – गबटोली उपजिला के पालपारा गांव में हिंदू घरों में आगजनी। **लालमोनिरहाट सदर उपजिला** – तेलीपारा गांव में लालमोनिरहाट पूजा उद्जापन परिषद के सचिव प्रदीप चंद्र रॉय का घर, थाना रोड में पूजा उद्योग परिषद के नगरपालिका सदस्य मुहिन रॉय की कंप्यूटर दुकान। **कालीगंज उपजिला** – चंद्रपुर गांव में चार हिंदू परिवारों के घर। **हातिबंधा उपजिला** – पुरबो सरदुबी गांव में 12 हिंदुओं के घर। **पंचगढ़ सदर उपजिला** – कई हिंदुओं के घर। **दिनाजपुर शहर और अन्य उपजिलें** – कम से कम 10 हिंदुओं के घर। **दिनाजपुर** – रेलबाजारहाट स्थित मंदिर, बिराल उपजिले, गुंजाबारी, गुंजाबारी और बाराबंदर क्षेत्र में घर। **खानसामा उपजिला** – तीन हिंदुओं के घर। **लक्ष्मीपुर** – दो मंजिला इमारत। **खुलना** – घर। **गौरानाडी (बरिशाल)** – घर। **बोगुरा** – सथमथा और सोनाटोला में एक गोदाम और दुकान। **पटुआखाली** – एक हिंदू घर और मंदिर, अनंत मुखर्जी का घर। **शेरपुर** – श्रीबोर्डी उपजिला में जुबो ओइक्या परिषद के अध्यक्ष का घर। **नरसिंगडी** – घर और कार्यालय। **किशोरगंज** – कुलियारछार में दो हिंदुओं के घर। **जशोर** – भगरपाड़ा के नारिकेलबरिया में चेयरमैन बाबुल साहा का गोदाम, हिंदू समुदाय की 22 दुकानें और कई घर। **सतखीरा** – कोलारोआ क्षेत्र में कई दुकानों। **हबीगंज** – शाइस्तागंज उपजिलें में दुकान। **नरैल** – लोहागरा उपजिले में हिंदुओं के घर।

ओइक्या परिषद के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव मोनिन्द्र कुमार नाथ ने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र या जिला नहीं बचा है जहां सांप्रदायिक हमले न हुए हों। नाथ ने डेली स्टार को बताया, 'हमें देश के विभिन्न हिस्सों से घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमलों के बारे में लगातार रिपोर्ट मिल रही हैं। वे रो रहे हैं, कह रहे हैं कि उन्हें पीटा जा रहा है, उनके घरों और व्यवसायों को लूटा जा रहा है। हमारा क्या दोष है? क्या यह हमारा दोष है कि हम देश के नागरिक हैं?'

### हिंदू कलाकार का 140 साल पुराना घर जलाया

ढाका के धानमंडी में सोमवार को बैंड जोलर गान के फ्रंटमैन राहुल आनंदा के घर में आग लगा दी गई और वह पूरी तरह जल गया। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, यह घर लगभग 140 वर्ष पुराना था। राहुल और उसका परिवार सुरक्षित स्थान पर भागने में सफल रहे। राहुल के एक करीबी पारिवारिक सूत्र ने अखबार को बताया, 'जैसे ही उन्होंने गेट तोड़ा, उन्होंने घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और जो कुछ भी उन्हें मिला, उसे अपने साथ ले गए। उन्होंने फर्नीचर और शीशों से लेकर कीमती सामान तक सब कुछ ले लिया। इसके बाद उन्होंने पूरे घर के साथ-साथ राहुल के संगीत वाद्ययंत्रों को भी आग के हवाले कर दिया।'

**हमलों पर किस किसने चिंता जताई है? :** भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'हम अल्पसंख्यकों की स्थिति पर नजर रख रहे हैं'। विदेश मंत्री ने मंगलवार को राज्यसभा में दिए गए बयान में कहा, 'हम अल्पसंख्यकों की स्थिति पर भी नजर रख रहे हैं। उनकी सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समूहों और संगठनों द्वारा पहल की खबरें हैं। हम इसका स्वागत करते हैं, लेकिन स्वाभाविक रूप से हम तब तक बहुत चिंतित रहेंगे जब तक कानून और व्यवस्था स्पष्ट रूप से बहाल नहीं हो जाती। बांग्लादेश में यूरोपीय संघ के राजनयिकों ने कहा कि वे अल्पसंख्यक समूहों पर हमलों की रिपोर्टों से बहुत चिंतित हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश (टीआईबी) ने एक बयान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के घरों, पूजा स्थलों, मंदिरों और व्यवसायों पर हमलों सहित विभिन्न जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा की है।

## बांग्लादेश के हालात पर पाकिस्तान हुआ चिंतित

### कहा- जल्द सामान्य स्थिति और शांति की उम्मीद

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश इस समय हिंसा के बाद राजनीतिक संकट से जूझ रहा है, जिसे लेकर विश्व के सभी देश जल्द वहां शांति स्थापित होने के साथ बेहतर राजनीतिक स्थिति कायम होने की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं अब पाकिस्तान ने भी बांग्लादेश में शांति और सामान्य स्थिति स्थापित होने की उम्मीद जताई है।

### आरक्षण की आग में झुलसा बांग्लादेश

बांग्लादेश में छात्रों के आरक्षण को लेकर किए गए विरोध-प्रदर्शन के सरकार विरोधी प्रदर्शन में तब्दील होने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। जिसके कुछ देर बाद बांग्लादेश सेना के प्रमुख ने उनके इस्तीफे का भी एलान किया था। देश में अस्थिरता की स्थिति के कारण शेख हसीना भारत आ गई थी, और अभी भारत में ही हैं। फिलहाल उनके यूरोप जाने की भी संभावना जताई जा रही है।

### हिंसा में मरने वालों की संख्या 440 के पार

वहीं शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद देश में सेना ने कमान संभाली और हिंसा में मरने वालों की संख्या 440 हो गई, जिसमें मंदिरों पर भी हमला किया गया था। वहीं बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद को भंग कर दिया और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को आगामी अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया।

**राजनीतिक बदलाव पर पाकिस्तान की प्रतिक्रिया :** बांग्लादेश में हाल ही में हुए राजनीतिक बदलाव पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, पाकिस्तान की सरकार और लोग बांग्लादेश के लोगों के साथ एकजुटता में खड़े हैं और ईमानदारी से शांतिपूर्ण और तेजी से सामान्य स्थिति की वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

**1971 में पाकिस्तान से मिली थी स्वतंत्रता :** इसमें आगे कहा गया कि बांग्लादेशी लोगों की दृढ़ भावना और एकता उन्हें एक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की ओर ले जाएगी। बता दें कि बांग्लादेश को 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता मिली थी। जबकि शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान ने भारत की मदद से बांग्लादेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने के खिलाफ मानवाधिकार संगठन ने उठाई आवाज

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। हालात इतने बदतर हो गए है कि देश में अल्पसंख्यकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी को लेकर ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश ने अधिकारियों से हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यकों और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उसने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को छात्र आंदोलन की मूल भावना के खिलाफ करार दिया है।



**मरने वालों की संख्या 400 के पार :** यहां हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 440 हो गई है। वहीं, राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद भंग कर दी और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को आगामी अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया। वहीं, ढाका में समुदाय के दो नेताओं के अनुसार, कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई है और हसीना की अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेता हिंसा में मारे गए हैं।

ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश (टीआईबी) ने सत्ता परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में अल्पसंख्यकों के घरों, पूजा स्थलों, मंदिरों और व्यवसायों पर हमलों सहित जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा की। भ्रष्टाचार विरोधी संगठन ने कहा कि इस तरह की सांप्रदायिक गतिविधियां देश को समानता, न्याय और अच्छे शासन के साथ पुनर्निर्माण करने के अवसर को पटरी से उतार सकती हैं और संदेह पैदा कर सकती हैं।

टीआईबी के कार्यकारी निदेशक डॉ. इफ्तेखारुज्जमां ने मंगलवार को एक बयान में सभी जिम्मेदार अधिकारियों से धार्मिक अल्पसंख्यकों और राज्य संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि हमें आंदोलन की जीत के बीच धार्मिक अल्पसंख्यकों और राज्य की संपत्ति की सुरक्षा की मांग करनी पड़ रही है, जहां सैकड़ों छात्रों और नागरिकों ने समानताऔर सभी के समान अधिकारों की मांग करने के लिए खून बहाया।'

## यूरोप तक पहुंचा बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का मुद्दा

### नीदरलैंड के नेता बोले- यह भयानक स्थिति

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का मुद्दा अब यूरोप तक पहुंच गया है। नीदरलैंड के राजनेता गीर्ट वाइल्डर्स ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हुए हिंसा की निंदा की। उन्होंने इसे भयानक बताया और हिंसा को जल्द समाप्त करने का भी आह्वान किया। दरअसल, बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कुछ खास लोगों के एक वर्ग के लिए आरक्षण प्रणाली के खिलाफ जुलाई के मध्य से छात्रों के विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। हिंसा के बीच ढाका में हिंदू समुदाय के दो नेताओं ने बताया कि हिंदुओं के कई मंदिरों, घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। महिलाओं पर हमला किया गया। हसीना के देश से भागने के बाद हुई हिंसा में अवामी लीग पार्टी से जुड़े दो हिंदू नेताओं की मौत हो गई। बता दें कि वर्तमान समय में बांग्लादेश में सियासी उथल-पुथल के बाद मंगलवार को अंतरिम सरकार का गठन किया गया। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया है। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इसकी घोषणा की।



इस हिंसा में कई लोगों की जान

## नेपाल में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

### काठमांडू से उड़ने के बाद पहाड़ी से टकराया, पांच की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में बुधवार को काठमांडू के उत्तर-पश्चिम में पर्वतीय क्षेत्र में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी पीटीआई ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पुलिस ने नुवाकोट के शिवपुरी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर सात में दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद किए हैं। जान गंवाने वालों में चार चीनी पर्यटक भी शामिल हैं। पायलट की पहचान अरुण मल्ला के रूप में हुई है दुर्घटना 24 जुलाई को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सौर्य एयरलाइंस के विमान दुर्घटना के कुछ ही सप्ताह बाद हुई। हादसे में विमान में सवार 18 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें कैप्टन ही जीवित बचे थे।



### जान गंवाने वालों में चार चीनी पर्यटक

हादसे के समय ह्यएयर डायनेस्टी हेलिकॉप्टर, 9एन-एजेडीह्न काठमांडू से रसुवा जा रहा था। हेलिकॉप्टर ने दोपहर 1:54 बजे काठमांडू से उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान भरने के तीन मिनट बाद ही इसका संपर्क टूट गया। पुलिस के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया कि दुर्घटनास्थल से दो पुरुषों, एक महिला और पायलट के शव बरामद किए गए हैं। एक शव के बुरी तरह जल जाने के कारण उसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

## ट्रंप को मारने की साजिश रचने वाला आसिफ मर्चेंट पर किए गए आरोप तय

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट पर डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अमेरिकी अधिकारियों की हत्या की साजिश रचने के मामले में मंगलवार को आरोप तय किए गए। उसे बीते महीने गिरफ्तार किया गया था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हालांकि इस बात के कोई सबूत नहीं मिले हैं कि बीते माह पेंसिल्वेनिया के बटलर में डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश से उसका कोई संबंध था। बावजूद इसके यह भी दावा किया गया है कि ट्रंप उसके निशाने पर थे।



अमेरिकी न्याय विभाग के मुताबिक, 46 साल के पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट ने कथित तौर पर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांडर कासिम सुलेमानी की अमेरिका द्वारा हत्या का बदला लेने के लिए उसने एक राजनेता और कुछ अधिकारियों की हत्या करने के लिए साजिश रची और एक अन्य व्यक्ति से संपर्क किया।

एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पैसे के बदले हत्या की यह खतरनाक साजिश कथित तौर पर ईरान से करीबी संबंध रखने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक द्वारा रची गई थी। हालांकि यह सीधे तौर पर ईरान के संपर्क से बाहर है। एक सार्वजनिक अधिकारी, या किसी भी अमेरिकी नागरिक को मारने की विदेश-निर्देशित साजिश हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, आसिफ मर्चेंट एक पाकिस्तानी नागरिक है. मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उनका जन्म 1978 के आसपास कराची में हुआ था। एफबीआई ने उसके बारे में बताया कि आसिफ मर्चेंट की पत्नी और बच्चे ईरान में हैं और दूसरा परिवार पाकिस्तान में है। उसके यात्रा रिकॉर्ड के अनुसार, आसिफ मर्चेंट अक्सर ईरान, सीरिया और इराक की यात्रा किया करता था।

एफबीआई के अनुसार, आसिफ मर्चेंट अप्रैल 2024 में पाकिस्तान से अमेरिका पहुंचा था।

## चीन में चिकित्सा सुविधाओं का तेजी से विकास

**बीजिंग।** हाल के वर्षों में, चीन ने अपनी चिकित्सा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी विकास देखा है, जिसमें नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यह परिवर्तन न केवल चिकित्सा अवसंरचना के विस्तार और संसाधनों के समान वितरण में बल्कि चिकित्सा नीतियों के चल रहे अनुकूलन और नवाचार में भी स्पष्ट है। विकास के प्रमुख क्षेत्रों में से एक आधारभूत चिकित्सा प्रणाली का जोरदार प्रचार रहा है। चीन भर में कई गांव और समुदाय अब स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का दावा करते हैं, जिससे बुजुर्गों को उनके दरवाजे पर ही बुनियादी चिकित्सा सेवाएं मिल पाती हैं।

चिकित्सा सूचनाकरण के माध्यम से, ये सेवाएं अधिक सुलभ हो गई हैं, जिससे मरीज ऑनलाइन चिकित्सा जानकारी साझा कर सकते हैं। यह डिजिटल परिवर्तन बुजुर्गों को विशेषज्ञों के साथ अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने और इंटरनेट प्लेटफॉर्म के माध्यम से चिकित्सा सलाह प्राप्त करने में सक्षम बनाता है, जिससे चिकित्सा उपचार



की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

चिकित्सा बीमा कवरेज के विस्तार ने आम नागरिकों पर वित्तीय बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चिकित्सा बीमा के प्रतिपूर्ति अनुपात को समायोजित करके और इसके दायरे में अधिक सेवाओं को शामिल करके, सरकार ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अक्सर होने वाले वित्तीय तनाव को कम किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि लोग अब चिकित्सा लागतों से निराश नहीं होंगे।

इसके अलावा, चिकित्सा सुधारों ने स्वास्थ्य सेवाओं को वैयक्तिकृत और मानवीय बनाने को प्राथमिकता दी है। कई अस्पतालों ने उपचार प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और रोगी के प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए ₹वन-स्टॉप₹ सेवाओं को लागू किया है। डॉक्टरों और रोगियों के बीच बेहतर संचार के साथ इस दृष्टिकोण ने देखभाल की गुणवत्ता और रोगी संतुष्टि को बढ़ाया है। इन सुधारों के अलावा, चीनी सरकार टेलीमेडिसिन और इंटरनेट-आधारित स्वास्थ्य सेवा जैसे नए चिकित्सा सेवा मॉडल के विकास का सक्रिय रूप से समर्थन करती है। ये नवाचार न केवल दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को सुविधा प्रदान करते हैं, बल्कि शहरी निवासियों को अधिक लचीले उपचार विकल्प भी प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर, चीनी आबादी के लिए चिकित्सा पहुंच में सुधार देश की राष्ट्रीय आजीविका पहलों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करता है और चिकित्सा सुधारों की गहन प्रगति को दर्शाता है।

जैसे-जैसे ये सुधार आगे बढ़ते रहेंगे, चीनी नागरिकों के लिए चिकित्सा अनुभव तेजी से आरामदायक और सुविधाजनक होता जाएगा, जो स्वास्थ्य सेवा वितरण में एक नए युग का प्रतीक होगा।

## चीन ने सक्रिय किया था 'एसईपी स्लीपर सेल'!

### यूं ही नहीं बुलाए जा रहे थे बांग्लादेशी छात्र

**चीन।** बांग्लादेश में बदहाल हुए हालात में पाकिस्तान और चीन का बराबर का हाथ बताया जा रहा है। विदेशी मामलों के जानकार से लेकर खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट इस बात की तस्दीक करते हैं कि जब बांग्लादेश में हालत खराब होने शुरू हुए तो चीन ने भी उसको इतनी हवा दी कि देश में सियासी उथल-पुथल शुरू हो गया। बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट में जितना हाथ पाकिस्तान का है, उतना ही चीन का भी है। दुनिया भर की अलग-अलग खुफिया एजेंसियों की ओर से जुटाए जा रहे इनपुट में भी इस बात की पुष्टि हुई है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ चीन ने भी बांग्लादेश में माहौल बिगड़ने के लिए बड़ी साजिश रची। खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक जानकारी इस बात की भी मिली है कि बांग्लादेश में चीन की और से यहां के स्टूडेंट्स को



अपने मुल्क में पढ़ाई करवाने के नाम पर बड़ा नेटवर्क डेवलप किया जा रहा था। 'मिशन एजुकेशन' के नाम पर छात्रों के बीच चीन की पूरी स्लीपर सेल बीते कई वर्षों से सक्रिय थी। चीन और बांग्लादेश के बीच 'स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम' (एसईपी) के तहत चीन ने शेख हसीना की सरकार को अस्थिर करने के लिए भी अपनी साजिशें रचीं। चीन की स्लीपर से छात्रों के बीच में थी इसीलिए जब छात्रों का आंदोलन उग्र होना शुरू हुआ, तो पाकिस्तान और चीन की ओर से हवा दिए जाने पर हालात और बिगड़ते रहे।

## सांसदों ने छोड़ा साथ तो राजपक्षो ने बढ़ाया परिवारवाद राष्ट्रपति पद के लिए महिंदा के बेटे को उतारा

**कोलंबो।** श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) ने उम्मीदवार के तौर पर राजपक्षे राजवंश के 38 वर्षीय नमल राजपक्षे को नामित किया गया। पार्टी के महासचिव सागर करियावासम ने बताया कि नमल राजपक्षे की उम्मीदवारी की घोषणा पार्टी कार्यालय में एक समारोह के जरिए की गई। बता दें कि नमल, महिंदा राजपक्षे के बेटे हैं। महिंदा 2005 से लेकर 2015 तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रहे। एसएलपीपी ने नमल के नाम की घोषणा ऐसे समय में की जब राजपक्षे की पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद रानिल विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति पद की निर्दलीय उम्मीदवारी घोषित करने के बाद उनके साथ जा चुके थे। इनके साथ नमल राजपक्षे का मुकाबला

नमल की एंट्री ने राष्ट्रपति चुनाव को चार कोणीय मुकाबला बना दिया है। राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में नमल राजपक्षे के अलावा रनिल विक्रमसिंघे, मुख्य विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा और मार्क्सवादी जेवीपी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके भी शामिल हैं।



बता दें कि 2022 में गोटाबाया राजपक्षे के शेष कार्यकाल को संभालने के लिए राजपक्षे राजवंश ने रनिल विक्रमसिंघे को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1948 में ब्रिटेन से आजादी पाने के बाद अप्रैल 2022 में द्वीप राष्ट्र श्रीलंका ने अपना पहला संप्रभु डिफॉल्ट घोषित किया। देश में महंगाई और अन्य तनाव को लेकर गृहयद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके कारण गोटबाया को राष्ट्रपति पद छोड़ना पड़ा था।

आज का यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में आया है, जब राजपक्षे की पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद रानिल विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति पद की निर्दलीय उम्मीदवारी घोषित करने के बाद उनके साथ जा चुके हैं। ऐसे में एसएलपीपी ने विक्रमसिंघे का समर्थन करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की कसम खाई है। पार्टी ने नमल को लेकर देर से फैसला लिया। पसंदीदा उम्मीदवार और बिजनेस टाइकून धम्मिका परेरा ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के कारण वह राष्ट्रपति चुनाव लड़ने में असमर्थ थे।




# घर-घर तिरंगा अभियान के तहत युवा मोर्चा निकलेगा बाइक रैली मंत्री, सांसद, विधायक भी लहराएंगे तिरंगा : सुभाष यदुवंशी

## 11 से 17 अगस्त तक चलेगा अभियान, राष्ट्रीय स्मारक, राष्ट्रीय धरोहर, सरकारी बिल्डिंगों पर नजर आएगी सजावट और शहीदों की याद में किया जाएगा माल्यार्पण : संजीव शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर इस बार भी भारतीय जनता पार्टी प्रदेश और देशभर में हर घर तिरंगा अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित करने जा रहा है। बुधवार को वीवीआईपी एड्रेस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के महामंत्री सुभाष यदुवंशी और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत की। प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान में भारतीय जनता पार्टी का मंडल से लेकर प्रदेश संगठन और सांसद, विधायक से लेकर कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री शामिल किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी है कि हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत 11, 12 और 13 अगस्त के बीच रहेगी। जिसमें सभी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारी तिरंगा झंडा हाथ में लेकर अनुशासन के साथ बाइक रैली आयोजित करेंगे। यह बाइक रैली प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी और लोगों से अपील करेगी कि वह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा लहराएं।




### प्रत्येक घर तक पहुंचाएंगे संदेश, तिरंगा नजर आएगा गाजियाबाद : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का कहना है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सांसद, मेयर, मंत्री, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि लोगों को इससे जोड़ने का काम करेंगे। घर-घर तिरंगे पहुंच जाएंगे और लोगों से अपील की जाएगी कि वह राष्ट्रीय ध्वज को प्रसन्नता और देश के सम्मान में लहराने का काम करें। इसके लिए 15, 16 और 17 तारीख को भी कई प्रकार के आयोजन किए जाएंगे ताकि यह कार्यक्रम सफल हो।

### चित्र प्रदर्शनी का भी होगा आयोजन

**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी जहां हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति का जज्बा पैदा करेगी, तो वहीं वह शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर प्रदर्शनी के माध्यम से पुष्पा वर्षा और उनकी याद में मौन जुलूस जैसे कार्यक्रम आयोजित करेगी ताकि सभी को देश की स्वतंत्रता की तिथि से जोड़ा जा सके और उनको याद दिलाया जाए कि किस तरीके से भारतीय जनता को आजादी मिली है।

### राष्ट्रीय धरोहर, स्मारक और प्रतिष्ठानों पर चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी ने जानकारी दी है कि 12 और 13 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री, संगठन और मंडल के एक-एक पदाधिकारी को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। जिसमें 12 और 13 अगस्त को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय धरोहर, केंद्रीय कार्यालय और स्वतंत्रता से जुड़े किसी यादगार स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें मंडल से लेकर अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसका मकसद स्वच्छता का संदेश देना और गंदगी को हटाना रहेगा। इस दौरान शहीदों के चित्रों और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम भी जगह-जगह आयोजित किया जाएगा।

### 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**करंट क्राइम ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी ने जानकारी दी है कि भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन प्रत्येक जिले में गोष्ठी का आयोजित किया जाएगा। साथ ही ऐसे परिवार जो विभाजन और विभीषिका का शिकार हुए उनका सम्मान और उनको जो दुख दर्द हुए उसको बांटने का काम किया जाएगा। परिवारों के साथ मिलन कार्यक्रम होंगे, वहीं यह भी बताया जाएगा कि किस तरीके से भारत की अखंडता को भिन्न करने का काम किया गया था।

### लोगों से है अपील तिरंगे का करें सम्मान

**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी जहां हर घर तिरंगा अभियान को सफलतापूर्वक शुरू करने की रूपरेखा तैयार कर चुकी है। वहीं पार्टी की यह कोशिश भी है कि जो लोग भी अपने घरों पर तिरंगा और राष्ट्रध्वज के सम्मान में सजावट करें वह यह ध्यान रखें कि इसका किसी भी प्रकार से अपमान ना हो। कहीं पर फटा या पुराना या उल्टा तिरंगा ना फहराया जाए। साथ ही लोगों से भी अपील की जाएगी की तिरंगे को सम्मान के साथ लगाए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान पप्पू पहलवान, संजीव शर्मा, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम और संदीप त्यागी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण पर सतत निगरानी के लिए किया निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी के लिए प्रवर्तन जोन-8 के प्रभारी लवकेश कुमार ने गुरुवार को जोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान (1) भूखण्ड संख्या बी-92, एस.एल.एफ. वेद विहार, लोनी पर अली जान द्वारा सेट बैक में किये गये निर्माण, (2) भूखण्ड संख्या सी-1/50, डी.एल.एफ., अंकुर विहार, लोनी पर विकास पारासर ने छत पर किये थे अतिरिक्त निर्माण, (3) भूखण्ड संख्या 209 व 210 में लगभग 10000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में इरफान व कोकब मास्टर कर रखी थी अवैध प्लाटिंग, (4) जावेद द्वारा गढ़ी कटैया रामेश्वर पार्क एक्सटेंशन के पास पूर्व में की गयी अवैध प्लाटिंग व (5) खसरा संख्या 449 व 452, ग्राम-सादुल्लाबाद, लोनी पर राधेश्याम भाटी पुत्र शमी भाटी द्वारा पूर्व में की गयी अवैध प्लाटिंग/कॉलोनी को विधिवत ध्वस्त किया गया।





### 'मानचित्र की स्वीकृति के बिना कोई निर्माण कार्य न किया जाए'


**करंट क्राइम।** ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए निर्देश दिये गये कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई कार्य न कराया जाये तथा जोन से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा सुपरवाईजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः प्रारम्भ न होने पायें। प्राधिकरण ने लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाइयां जारी रहेंगी। तत्क्रम में निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद.विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में भवनों का क्रय-विक्रय न करें।

### बिग स्माइल फाउंडेशन ने वरदान हॉस्पिटल को डोनेट की दवाइयां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बिग स्माइल फाउंडेशन गाज़ियाबाद की एकमात्र ऐसी संस्था है जो समाज की भलाई के कार्य कर रही है। आसपास के छोटे-छोटे गांव में जाकर संस्था मुफ़्त दवाई का डोनेशन कर रही है। दवाई के कारण किसी को बीमारी में परेशान ना होना पड़े यह एकमात्र संकल्प के साथ। खांसी की दवाई, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, एंटीसैप्टिक व फंगल इन्फेक्शन की ट्यूब, यहां तक कि महिलाओं को सैनिटरी पैड भी दिये जा रहे हैं। इस अवसर पर संस्थापक सिमरन रंधावा, जितेंद्र सिंह रंधावा और मुख्य अधिकारी आरती गौड़, किरण पोपली सभी उपस्थित रहे।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






गाजियाबाद करंट क्राइम। दादा की असली मोहब्बत तो उसका पोता ही होता है। रालोद नेता अमरजीत सिंह बिट्टी ने इसे साबित किया अपनी पोस्ट से। दुनिया भर में प्रसिद्ध मोहब्बत की निशानी ताजमहल के बाहर बैठे अपने पौत्र नक्श राज सिंह का ये फोटो फेसबुक पर साझा किया। गोरे गोरे मुखड़े पर काला काला चश्मा और यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भारत करता है सभी वर्गों का मान-सम्मान : अजय गुप्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतवर्ष में महिला का स्थान सर्वोच्च माना जाता है, नारी पूजनीय है, जननी है, अन्नपूर्णा है। ताजा उदाहरण भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण देकर कर दिखाया। विश्व में



करीब 53 इस्लामिक कंट्री हैं, किसी में साहस नहीं दिखाया कि शेख हसीना को शरण दे सके।

विपक्षी हैं कि बांग्लादेश में भारतीयों पर हो रहे जुल्मों एवं नरसंहार पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे। एक भारत ही है जिसके दिल में सभी वर्गों के लिए मान-सम्मान है। कुछ लाइन भारत माता के लिए - होंठों पर सच्चाई रहती है, जहां दिल में सफाई रहती है, हम उस देश के भारतवासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है। तारीफ है हिंदुस्तान के पीएम की जिन्होंने 8000 भारतीय छात्रों को बांग्लादेश से सकुशल निकाल कर लाने का काम किया।

अगला उनका कदम बचे हुए भारतीयों को सुरक्षा देने का होगा।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने बुधवार को पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बृजेश सिंह से एक मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने पूर्व एमएलसी विध्यवासिनी कुमार से भी मुलाकात की। हिमांशु लव ने अपनी मुलाकात में विधानसभा उपचुनावों को लेकर भी चर्चा की और कुछ सुझाव भी दिये।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के अतिप्रिय क्रांतिकारी त्यागी जी ने अब बिल्कुल बदल लिया है अपनी राजनीति का अंदाज? अब वो राजनीति के बड़े चेहरों को को अपने वार्ड में बुलाकर संदेश दे रहे है खास? हाल ही में क्रांतिकारी राजभर जी ने उनके आवास पर पहुँच कर दिया था आशीर्वाद? सुना है अब जल्द उनके कार्यालय पर आने वाली है एक बहुत बड़ी राष्ट्रीय स्तर की हस्ती? दिलजलों का दिल जलाने का खूब निकाला है संजय भैया ने इलाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देख रहे है लगातार जारी है पहलवान और पहलवान के दोस्त की भगवा चोटी वाले त्यागी जी पर मेहरबानी? पार्टी के हर कार्यक्रम में लिखी जा रही है चोटी वाले भैया को लेकर ज़िम्मेदारी वाली मजबूत कहानी? हमने देखा, यदुवंशी जी जब आए गाज़ियाबाद? तब दोनों दोस्तों ने चोटी वालों की कराई उनसे पूरी शिद्दत से मुलाकात? यूँ तो कई मंडल प्रभारी आते है महानगर में नजर? मगर तवज्जो के मामले में ये सब नहीं ठहरते है त्यागी जी के आसपास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक वैश्य नेता अब हो गए है शिकायतधारी? पूरी शिद्दत से खेल रहे है वो इन दिनों शिकायत करने वाली पारी? उनकी ये पारी इस वक्त पड़ रही है बड़े से बड़े अधिकारियों पर भारी? साथ ही उनके इन तेवरों ने उड़ाई हुई है कई निर्माणकताओं की भी नींद? जिस पर पड़ जाती है उनकी वक्र दृष्टि? उसकी उड़ जाती है आजकल रातों की नींद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमे नहीं है उपाध्याय जी की शहर सीट से दावेदारी को लेकर कोई शिकायत? वो राजनीति का बड़ा चेहरा है? इसलिए वो सौ प्रतिशत है दावेदारी के लायक? मगर उनकी दावेदारी को लेकर है हमे एक बात का कष्ट? गाज़ियाबाद से जाने के बाद उन्होंने किसी भी चुनाव में क्या भाजपा के किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में कभी भी मांगे आकर वोट? इस बात को किया हुआ है हर चेहरे ने नोट? अब आकर वो कैसे बना रहे है चुनाव लड़ने का विचार? पिछले पंद्रह सालों में वो बता दे उन्होंने कितने दिए है गाज़ियाबाद में दीदार? हमे पता है वो बहुत अच्छे है इंसान? मगर उन्हें हमारी इस बात पर भी देना होगा ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा दीदी, दूसरी भगवा दीदी को लेकर बात नहीं कर रही थी सीधी? वो चार लोगों में कर रही थी किसी की कावंड यात्रा का ज़िक्र? कह रही थी जो बहन पैदल कावड़ लेकर आ रही थी उनकी हो रही थी मुझको बहुत ज्यादा फि क्र? उनकी पैदल यात्रा से बैठ रहा था मेरा दिल? मगर जैसे ही मुझे पता चला वो थोड़ा गाड़ी और थोड़ा पैदल चल कर आ रही है, ये बात सुनकर ही मिली मेरे दिल को राहत? पता नहीं ये बात कहते हुए क्यों नजर आ रही थी भगवा दीदी के चेहरे पर अजीब सी मुस्कुराहट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के प्रेसिडेंट प्रधान? बहुत ही सोच समझकर करते है सारे काम? उनका यही रहता है परवाज, कोई भी ना हो उनकी वजह से नजरअंदाज? मगर जब आए यदुवंशी जी ज़िला वालों की बैठक लेने के लिया गाजियाबाद? तब पूरी शिद्दत से लग रही थी सावन में आग? बैठक में उनके ठीक पीछे लगा था जो बैनर? उसमे क्रांतिकारी जनप्रतिनिधि का फोटो तो नजर आ रहा था? मगर मैडम शिवाच का फोटो कर दिया गया था साफ? कितना अजीब लग रहा होगा उस वक्त मैडम को, जब उन्होंने बैनर पर पाया होगा खुद को नजर अंदाज? अगर हमारी बात लग रही हो गलत, तो प्रधान जी हमको कर देना माफ? कुछ ऐसा दिखेगा तो हम बात जरूर पहुँचाएँगे करंट क्राइम वालों के पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे एक भगवा दावेदार के पास? उन्हें हो रही थी भगवा कमांडर की 9 तारीख से शुरू होने वाली पूजा की टेंशन? वो कह रहे थे कि जब भी कुछ ऐसा बड़ा धार्मिक कांड करते हैं तब बंध जाती है हमारी उम्मीदों की पेंशन? महानगर अध्यक्ष बनने से पहले इन्होंने वृन्दावन में कराया था कई दिनों का अखंड पाठ? इधर पाठ खत्म हुआ था उधर आ गया था फिर से अध्यक्ष वाला पद इनके पास? अब तो इन्होंने शहर विधानसभा में चुन लिया है कई दिन चलने वाले हवन का स्थान? विधायक वाले टिकट को लेकर हमें लग रहा है ये खींच ही लेंगे अब दूधेश्वर बाबा का ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपका ध्यान एक बात पर खींचना चाहता हूं श्रीमान? जो 15 नामों की लिस्ट भेजी गई है लखनऊ? उस लिस्ट के सुपर सिक्स में हैं रेड फेस मैन का भी नाम? कहने वाले ने कहा इस बात की मिली है मुझे उनसे ही जानकारी? मैं ये भी जानता हूं कि उन्हें बात बात पर चुटकुले सुनाने का शौक है? मगर ये भी सच है कि कुछ सच्ची बातें कामेडी वाले माहौल में भी हो जाती है जारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? एक समय मिस्टर चौहान ने मिस्टर मित्तल से कही थी वैश्य नेता को लेकर क्रान्तिकारी बात? कहा था समय आने दो होगा उनका भी ईलाज? तब वैश्य नेता के प्रिय मित्तल ने कहा था कि आप एमबीबीएस वाले क्या डॉक्टर हो आप? उन्होंने इस बात को जैसे सुना वैसे पहुंचा दिया बिग वैश्य नेता के पास? सुना है इस बात को कर लिया है वैश्य नेता ने अपने दिल में स्टोर? आज नहीं तो कल वो इस बात का जवाब देंगे 100% श्योर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जीडीए वालों ने कर तो दी है हरनन्दीपुरम योजना लांच? मगर इन्दिरापुरम योजना के हैंडओवर-टेकओवर को लेकर क्या होगा, इसको लेकर अभी तक क्यों नहीं बनाया है प्लान? कहने वाले ने कहा हमारा तो जीडीए बोर्ड मैम्बरों से है ये सवाल? जब पुरानी ही योजना आज तक आधी अधूरी पड़ी हुई है तो नई योजना को क्यों कर लिया इन्होंने खामोशी से स्वीकार? कहने वाले ने कहा कम से कम इन्दिरापुरम योजना को लेकर फंसा देते पेंच? कम से कम हैंडओवर वाला बन जाता स्पेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।